तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 18.4 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024



13 पारंपरिक वेशभूषा में दी सांस्कृतिक प्रस्तुति





15 300 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा






## खबर संक्षेप

### छगत्तीसगढ़ प्रांत सेन समाज की बैठक कल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रांत सेन नाई समाज की प्रांतीय बैठक 13 जनवरी को मायाराम सृजन स्मृति हाल रजबंधा मैदान बीजेपी कार्यालय के पास रायपुर में दोपहर 12 बजे से आयोजित है। बैठक की अध्यक्षता समाज के प्रांतीय अध्यक्ष पुनीत राम सेन करेंगे। समाज के प्रांतीय सचिव भुवनलाल कौशिक ने बताया कि बैठक में प्रबंधकारिणी का गठन एवं प्रांतीय कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। बैठक में सभी प्रांतीय पदाधिकारियों, संभाग प्रभारी, प्रांतीय प्रतिनिधि, प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों और सभी जिला अध्यक्षों समेत समाज के वरिष्ठजन और फाउंडर मेंबर्स को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### जामुल में युवा दिवस पर संगोष्ठी आज

**भिलाई।** स्वामी विवेकानंद विचार मंच जामुल के तत्वावधान में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जयंती युवा दिवस के रुप में मनाया जाएगा। सुबह 8.30 बजे हाई स्कूल नंदिनी रोड जामुल में स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा में माल्यार्पण कर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। 11 बजे शासकीय डॉ मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय शिवपुरी जामुल में स्वामी के जीवनी पर बौद्धिक कार्यक्रम विचार गोष्ठी रखा गया है। यह जानकारी जोगेश्वर सोनी ने दी।

### 30 लाख के ब्राउन शुगर के साथ युवक पकड़ाया



**भिलाई।** ब्राउन शुगर का अवैध कारोबार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कामठी रनराणा, थाना कामठी, नागपुर महाराष्ट्र निवासी अजय सोनानी को रेल्वे कालोनी, आरपीएफ पोस्ट , गार्डन के पास मोहन नगर से ब्राउनशुगर के साथ पकड़ा गया। आरोरी युवक के पास से 520 पुडिया ब्राउन शुगर बरामद किया है। जिसकी कीमत 30 लाख रुपए आंकी गई है। युवक क्षेत्र में घूम-घूमकर ब्राउनशुगर का कारोबार करता था।

### नदी में कूदे युवक को अस्पताल पहुंचाया

**भिलाई।** शिवनाथ नदी में युवक ने गले में ब्लेड से वार कर कूद गया। घटना की जानकारी लगने पर गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुचकर उसे बाहर निकाला। उपचार के लिए युवक को दाखिल कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को पिपरछेड़ी ओवरब्रिज शिवनाथ नदी में युवक के छलांग लगाने की शिकायत मिली टीम तुरंत नदी की ओर रवाना हुई। युवक को नदी से बाहर निकाला गया। पूछताछ ने युवक किसी प्रकार का अपना नाम नहीं बता पाया है। अंजोरा पुलिस के चीता स्टाफ आरक्षक सुनील ठाकुर और वाहन चालक सुनील देशमुख घटनास्थल तुरंत पहुंचे थे।

# दुर्ग सहित 46 स्टेशनों में मिल रही स्वदेशी उत्पादों से बनी चीजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अलग खबर

'वोकल फॉर लोकल' विजन को बढ़ावा देने, स्थानीय व स्वदेशी प्रोडक्ट के लिए एक मार्केट प्रदान करने और स्थानीय उत्पादको के लिए अतिरिक्त आय के अवसर जुटाने के उद्देश्य से रेलवे ने 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' स्कीम शुरू की है । रेलवे की व्यापक पहुंच और महत्व को ध्यान में रखते हुये दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर स्थानीय कपड़ों, हस्तशिल्प, मिटटी से निर्मित वस्तुएं, हथकरघा, बांस के उत्पाद, वनोपज आदि को बढ़ावा देने की योजना बनायीं गई है । स्थानीय उत्पादों को बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नाम मात्र शुल्क के साथ स्थानीय उत्पादों को 15-15 दिनों के लिए यह व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि छोटे स्टेशनों पर यह अवधि बढ़ाकर 3 माह भी किया जा सकता है ।

### इन स्टेशनों में बिक रहे उत्पाद

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में "वन स्टेशन वन प्रोडक्ट" योजना के 46 स्टेशनों में लगभग 50 स्टाल लगाए गए है। जिसमें स्थानीय स्तर पर निर्मित एवं प्रसिद्ध वस्तुओं की बिक्री प्रारंभ की गई है । इन स्टेशनों में बिलासपुर रेल मण्डल के अंतर्गत 15 स्टेशन - बिलासपुर, अनुपपुर, चांपा, कोरबा, पेंड्रारोड, रायगढ़, शहडोल, सक्ती, नैला, उसलापुर, अंबिकापुर, बुढ़ार, बिसरामपुर स्टेशन हैं । रायपुर रेल मण्डल के अंतर्गत 15 स्टेशन – रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, मरौदा, दल्लीराजहरा, भाटापारा, बिलहा, निपनिया, हथबंध, सिलयारी, उरकुरा, तिल्दा, भिलाई नगर, मंदिर हसौद, बालोद, भानुपरतापपुर स्टेशन हैं । नागपुर रेल मण्डल के अंतर्गत 16 स्टेशन – इतवारी, गोंदिया, नैनपुर, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, तुमसर रोड, भंडारा रोड, बालाघाट, घंसौर, ग्वारीघाट, नागभीड़, सौसर, तिरोरा, वारासिवनी, वडसा एवं छिंदवाड़ा स्टेशन शामिल हैं ।

### वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्कीम योजना हुई शुरू




### हर्बल प्रोडक्ट के उत्पाद मिल रहे

इन स्टालों में उपलब्ध कलाकृतियों एवं सामानों के माध्यम से स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए इन विलक्षण कलाकारी से यात्री परिचित हो रहे हैं साथ ही आवश्यकतानुसार इसकी खरीददारी भी कर रहे हैं तथा इनकी कारीगरी की तारीफ भी कर रहे हैं । बिलासपुर स्टेशन में हर्बल मैडिसिन एवं हैंडिक्राफ्ट प्रॉडक्ट, कोरबा मे पैरा आर्ट, रायगढ़ में हर्बल प्रॉडक्ट, अनुपपुर में ट्राइबल आर्ट, शहडोल में हनी, अम्बिकापुर में हर्बल मैडिसिन, दुर्ग में होम मेड बरी, पापड़, अचार, रायपुर में होम मेड डेकोरेटिव आइटम्स, डोंगरगढ़ में होम मेड मशाला, राजनन्दगाँव में मिलेट्स, गोंदिया में बम्बू आर्ट आदि स्थानीय उत्पादों के आउटलेट्स लगाए गए हैं ।

## सरकार बदलने के बाद निगम व ट्रैफिक पुलिस ने की थी कार्रवाई

# दिखावे की कार्रवाई-कारों व वाहनों का फिर से सर्विस लेन पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि सरोकार

सरकार बदलने के बाद भिलाई निगम और ट्रैफिक पुलिस ने नेशनल हाइवे के किनारों से अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की थी। महीनेभर बाद अब यहां फिर से सड़क पर कब्जा हो गया है। सबसे ज्यादा दिक्कत सुपेला चौक से नीचे सर्विस लेन पर है जहां सेकंड हैंड कारें फिर से खड़ी की जाने लगी है। यहां पर के ठेले- खोमचे फिर से शुरू हो गए हैं। जिसकी वजह से लोगों को आवाजाही में वहीं परेशानी उठानी पड़ रही है जो पहले थी। निगम व ट्रैफिक पुलिस का अतिक्रमण हटाओ अभियान केवल दिखावा ही माना जा रहा है।



### यह रोड ही है वैकल्पिक सुविधा

पिछले डेढ़ साल से सुपेला रेलवे फाटक पर अंडरब्रिज का निर्माण चल रहा है। इस निर्माण के बाद लोगों को प्रियदर्शनी परिसर अंडरब्रिज से आना जाना पड़ रहा है। इस अंडरब्रिज से आने जाने वाले लोग अपनी दुपहिया व चार पहिया वाहनों को यहां से लाकर सुपेला घड़ी चौक के पास ले जाते हैं। लेकिन अतिक्रमण की वजह से लोगों को यहां इतनी दिक्कत होती है कि कई बार वाहन आपस में टकराते हैं। उसके बाद भी निगम व ट्रैफिक पुलिस ने दिखावे की कार्रवाई कर चुप्पी साध ली है। दुकानदारों का कहना है कि ऐसी कार्रवाई तो चलती ही रहती है।

### नेशनल हाइवे पर यह हाल

सुपेला चौक ओवरब्रिज की दीवार से लगाकर गाड़िया फिर से खड़ी की जा रही है। कोसानाला से पावरहाउस तक सड़क के दोनों तरफ नेशनल हाइवे पर कब्जा है। ऐसी ही स्थिति उत्तर गंगोत्री साइड सर्विस लेन का है। घड़ी चौक से संजयनगर तालाब तक निगम ने अपने अभियान में सर्विस रोड को पूरा खाली करवाया था। जिससे लोगों को आने जाने में सुविधा हो लेकिन यहां फिर से स्थिति जस की तस हो गई है।

### सेकंड हैंड कारों का फिर से जमावड़ा

सुपेला चौक के नीचे सर्विस लेन पर सबसे ज्यादा दिक्कतें लोगों को होती है। यहां सेकंड हैंड कारों का कोराबार चलता है। जिस दिन निगम व ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की तो लोगों ने खुद से ही अपनी कारें व अन्य वाहन हटा ली थी। निगम का अमला यहां कार व अन्य वाहन रखने के लिए सर्विस रोड के किनारे लाइनिंग भी की थी। जिससे लोगों का आवागमन बाधित न हों। हाल यह है कि अब पूरी वाहन वैसे ही खड़ी की जाने लगी है।

### गुमटियां व ठेले फिर से काबिज

इस रोड के किनारे से लेकर आगे तक लोग अवैध रूप से गुमटिया व ठेले -खोमचे लगाकर अपना व्यवसाय कर रहे हैं। जिसे निगम ने हटाने की कार्रवाई की थी। कुछ दिन बाद इन लोगों ने फिर से अपना कारोबार करना शुरू कर दिया। यहां पर मैकेनिक मोटरसाइकिल बनाने लगते हैं। जिसकी वजह से भी आने जाने वालों को खासकर दुपहिया वाहन चालकों को गुजरना मुश्किल हो जाता है। बड़े वाहन का तो आना जाना यहां एक चुनौतीपूर्ण है।

### 20 फीट चौड़ी सड़क फिर से सिमटी

नेशनल हाइवे किनारे दक्षिण गंगोत्री में करीब 20 फीट चौड़ी सड़क है। कार्रवाई में रोड के बाजू में नाली और उसके आसपास कब्जा था। इन कब्जों को हटाने के बाद इस सड़क की चौड़ाई बढ़ गई थी। फिर से कब्जे होने के बाद रोड फिर से संकरी हो गई है। आधे रोड पर वाहनों का कब्जा है और शेष आधे रोड ही बची है। जिसमें ही लोगों को जैसे-तैसे गुजरना पड़ रहा है।

### संडे मार्केट जैसी उम्मीद लोगों को

सुपेला संडे मार्केट को लेकर सालों से लोग ट्रैफिक समस्या से जूझ रहे थे। विधायक रिकेश सेन की पहल से वर्तमान में यह रोड कब्जामुक्त हो गया है। हालांकि निगम ने संडे मार्केट को व्यवस्थित करने कई बार कार्रवाई की और चेतावनी भी दी लेकिन कुछ महीने के बाद हाल जस की तस हो जाती। सुपेला सेकंड हैंड कार बाजार वाली रोड का भी यही हाल है। इसलिए लोगों को यहां भी विधायक सेन से उम्मीदें लगा रखी है।

## फॉस्ट ट्रैक कोर्ट ने दिया फैसला

# नाबालिग से अनाचार आरोपी को 20 साल सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

13 साल की बालिका को बहलाफुसलाकर ले जाने और शादी का झांसा देकर अनाचार करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश दुर्ग फॉस्ट ट्रैक कोर्ट ने आरोपी युवक को 20 साल सश्रम कारावास व 5500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्रकरण के मुताबिक पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीड़िता बालिका की माता ने 8 नवंबर 2021 को यह रिपोर्ट लिखाई कि उनकी नाबालिग बेटी घर से काम पर जाने का कहकर निकली थी लेकिन अब तक नहीं आई। पुलिस ने पीड़िता बालिका को आरोपी युवक के रिश्तेदार के डिपरापारा दुर्ग स्थित निवास से बरामद किया। पुलिस को पीड़िता ने बताई कि उसे केलाबाड़ी ईरानी डेरा निवासी रामजी कोसले 20 साल पिता लक्ष्मीनारायण कोसले ने शादी का प्रलोभन देकर अपनी मोटर साइकिल में बिठाकर जुबली पार्क ले गया। यहां उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद आरोपी युवक उसे लेकर सिलतरा

- शादी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म

रायपुर अपनी बहन के यहां ले गया। वहां भी उसके साथ अनाचार किया गया। पीड़िता को तीन दिन बाद डिपरापारा से पुलिस ने बरामद किया। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक रामजी कोसले के खिलाफ धारा 363, 366, 376 3 व पॉस्को एक्ट की धारा 3 व 4 के तहत कोर्ट में प्रकरण पेश किया था। जिसे न्यायाधीश ने इन धाराओं के तहत दोषी पाया है।

## अंडा पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

# युवती से की छेड़खानी दो युवक हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम



छेड़खानी के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 354, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। अंडा पुलिस ने बताया कि युवती घर पर परिवार वालों के साथ काम कर रही थी। तभी ग्राम मासाभाठ थाना अण्डा निवासी बिरेन्द्र यादव, पोषण उर्फ सोनू यादव नामक युवकों ने परिवार के साथ गाली गलौच कर हाथ पकड़ लिया। युवती को बेइजती करने की नियत से युवकों ने हरकत किया। युवकों ने दोनो युवतियों का आरोपियों ने कपड़े भी फाड़ दिए। अंडा पुलिस युवकों को पकड़कर जेल भेज दिया है। थाना अण्डा प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि पोषण उर्फ सोनू यादव और बिरेन्द्र यादव के खिलाफ पूर्व मे भी थाने मे लडाई झगडा और चाकू बाजी का मामला दर्ज है।

# अवैध परिवहन करते 5 हाइवा पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग खनिज विभाग गुरुवार को एक्शन के मूड में दिखाई दी। इस दौरान खनिज संसाधन का अवैध परिवहन करते 5 हाइवा पकड़े गए। कलेक्टर दुर्ग के निर्देश पर दुर्ग खनिज विभाग ने अंडा क्षेत्र में पांच हाइवा पर कार्रवाई की है। इन सभी में चुना पत्थर और रेत का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। खनिज निरीक्षक श्री बंजारे की टीम सुबह से ही अंडा सहित आसपास क्षेत्र में हाइवा को रोककर चेक किया। तीन हाइवा में चुना पत्थर व दो हाइवा में रेत का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। जिस पर कार्रवाई की जा रही है। गाड़ियों को अंडा थाना के सुपुर्द किया गया है।

- अंडा क्षेत्र में रेत व पत्थर का हो रहा था अवैध परिवहन

# बर्खास्त आरक्षक ने नौकरी लगाने की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- उप निरीक्षक के पद पर नौकरी लगाने का देता था झांसा

भूतपूर्व सैनिक से पुलिस विभाग में उप निरीक्षक पद पर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि रिंगनी नारधा भिलाई तीन निवासी रेवाराम से डी-2, 302 गोकुल धाम रेसीडेंसी रायपुरा थाना डी.डी. नगर रायपुर निवासी विष्णु सोरेन ने पुलिस विभाग में उप निरीक्षक पद पर नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से 10-10 लाख रुपए लिया। पीड़ित से 12 लाख रुपए लिया है। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी को पकड़ने के लिए सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने टीम बनाई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने विष्णु सोरेन को रायपुर में घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर विष्णु ने रेवा राम (भूतपूर्व सैनिक) के अलावा उनके मित्र हेमंत हिरवानी, देवेन्द्र कुमार साहू, नवदीप कोसे समेत भूतपूर्व सैनिको को झांसा देकर उक्त



रुपए का ठगी किया है।आरोपी विष्णु स्वयं को पुलिस के खुफिया विभाग में नौकरी करना बताया करता था। जब नौकरी नही लगी तो पीड़ित उसे रुपए लौटाने के लिए चक्कर काटता रहा लेकिन लगातार रुपए नहीं लौटाते हुए आरोपी लोगों को घूमाता था। आरोपी विष्णु सोरेन पुलिस विभाग में बर्खास्त आरक्षक है। आरोपी ने अब तक कुल 15-20 से भी अधिक लोगो को ठगी का शिकार बना चुका है। पूर्व में भी आरोपी के खिलाफ नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की शिकायत थाना कुरूद जिला धमतरी में दर्ज है।




## विधायक ललित ने कहा कि किसी भी योजना में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

# रिसाली संकल्प शिविर में पहुंचे 3 हजार हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रूआबांधा और रिसाली सेक्टर स्थित दशहरा मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्घाटन दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने किया। इस शिविर में लगभग 3000 हितग्राही विभिन्न योजना का लाभ लेने पहुंचे थे। विधायक चंद्राकर ने कहा कि किसी भी योजना में भ्रष्टाचार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। यहां पर जनता की सरकार है।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि किसी भी विभाग के अधिकारी



हो, इस बात का विशेष ध्यान रखे कि आम जनता को तकलीफ न हो। उन्हें पैसे खर्च करने मजबूर न करे। शिकायत मिलने पर जनता की सरकार ऐसे अधिकारी कर्मचारी को माफ नहीं करेगी। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा है कि शहर और गांव के अंतिम छोर तक रहने वालों को हर योजना का लाभ मिले। इसलिए अधिकारी, जनप्रतिनिधि योजनाओं का ईमानदारी से प्रचार प्रसार करे। हितग्राहियों को लाभ दिलाए। उन्होंने योजनाओं के बारे में आम जनों को विस्तार से बताया। ली शपथ विकसित भारत के लिए विधायक ने संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर , नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, एम आई सी सनीर साहू, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंड, सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर, पार्षद सुन्दा चंद्राकर, सविता, रमा साहू,सरिता साहू, टीकम साहू, हरीश नायक, मनीष यादव, धर्मेंद्र भगत, विधि यादव आदि मौजूद थे।

### इन हितग्राहियों को मिला का लाभ

उजवला योजना का लाभ शिविर में हितग्राही कविता कुशवाहा, भावना रामटेके, भारती निर्मलकर, रूखमणी बाई, मोंगरा कौशिक, मीरा सोनी,पी दीपा रानी, सुनीता देशमुख, हेमा ठाकुर, कल्पना बाई, पुष्पा साहू, सरोज, भुनेश्वरी , पीएम स्वनीधि योजना रेखा चंदेल सीमा यादव, कृष्णा , लता, मिथलेश खरे, चंद्र कांति, गोपाल, राशन कार्ड रूबी देवी, शांति देवी , पार्वती , पुष्प लता, समेत महिला एवं बाल विकास विभाग ने गोद भराई , कुपोषित बच्चो को कीट व स्वस्थ बालक बालिका को उपहार दिया।

# 44 पौवा देशी के साथ कोचिया गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब के साथ पुलिस युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कैलाश नगर वार्ड 30 उरला भिलाई तीन निवासी दीपक साहू 26 वर्ष को गिरफ्तार किया। युवक के पास से 44 पौवा देशी मदिरा 4840 रुपए का बरामद किया।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

# Youth icon of Bhilai-Durg

# नई सोच व नई दिशा दी विवेकानंद ने

## युवा दिवस पर विशेष...



### यदि परिस्थितियों पर आपकी मजबूत पकड़ है तो, जहर उगलने वाला भी आपका कुछ नही बिगाड़ सकता।

**शिक्षा का अर्थ है उस पूर्णता को व्यक्त करना जो सब मनुष्यों में पहले से विद्यमान है।**

**सलीम सर**
डायरेक्टर
RUBY'S PHYSICS

Ruby's M.d.I.Jee

स्वामी विवेकानंद का मानना था कि यदि आप दुनिया को बदलना चाहते हैं, तो आपको पहले खुद पर विश्वास करने की आवश्यकता है। विवेकानंद का यह उपदेश प्रत्येक मनुष्य को उनके भीतर मौजूद क्षमता को साकार करने के लिए सशक्त बनाता है। और सिर्फ इसलिए कि आप अलग हैं इसका मतलब यह नहीं है कि आप गलत हैं।

इसलिए, आपको अपने आप पर विश्वास करने की आवश्यकता है और उस रास्ते पर चलते रहना चाहिए जो आप सोचते हैं कि आपके लिए दूसरों की राय और अपनी मान्यताओं को जाने दिए बिना सही है। तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। तुमको सब कुछ खुद अंदर से सीखना है। आत्मा से अच्छा कोई शिक्षक नहीं है। आपकी अपनी आत्मा के अलावा कोई दूसरा आध्यात्मिक गुरु नहीं है।

#### युवाओं के लिये संदेश

स्वामी विवेकानन्द के विचार को रखते हुए युवाओं को यह संदेश देना चाहता हूँ कि तुम्हारे अंदर सिंह के समान शक्ति है अपने को भेड़ों के बीच रखकर भेड़ सा व्यवहार मत करो। तुम सिंह हो और अपनी शक्ति को पहचानों क्योंकि तुम्हीं देश और समाज को बदल सकते हो अपतु नयी और अच्छी विचारधारा का संचार कर देश और समाज को आगे बढ़ाओ।



B.M. COLLEGE
BCA
BBA
PGDCA
B.Ed.
आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन
कम्प्यूटर (कोपा)
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
फायर टेक्नालॉजी
डीजल मैकेनिक
स्टेनो (हिन्दी)
शासकीय आई.टी.आई. के पीछे, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग (छ.ग.)
9907502065, 9691002065, 9303893829, 9300850065
प्लॉट, जमीन, मकान, डायवर्टेड प्लॉट
2/3 BHK, ROW HOUSES
योगेश डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
तमेर पारा, दुर्ग
93038-93829
70007-86116

**योगेश साव**
बी.एम. कॉलेज, पुलगांव, दुर्ग
योगेश डेव्हलपर्स एण्ड बिल्डर्स
योगेश पिटस, तमेरपारा, दुर्ग

युवा वे नहीं जो सिर्फ उम्र से युवा होते हैं, बल्कि वे युवा जो अपनी लगन, ऊर्जा व समर्पण से बड़ी उम्र में भी स्फूर्ति से भरे रहते हैं। आज देश भर में युवाओं के प्रेरणास्रोत, युग-पुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी जा रही है। 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए' का संदेश देने वाले स्वामी विवेकानंद कर्मठता के प्रतीक थे। अपने छोटे से जीवनकाल में भी वे इतना कुछ कर गये कि समूचा विश्व उन्हें युवाओं का सबसे बड़ी प्रेरणा मानता है। विवेकानंद ने देश की युवाशक्ति को आत्मविश्वास की प्रेरणा दी थी। सच है, यदि युवाओं में आत्मविश्वास उत्पन्न हो जाये तो वे समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। वंचित मानवता का कल्याण ही उनकी सेवा का मुख्य लक्ष्य था। उनका यह वचन आज भी काफी अर्थपूर्ण है कि मैं उस देवता की पूजा करता हूं, जिसे अज्ञानी लोग मनुष्य कहते हैं। पुराणों में वर्णित यह उक्ति उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा थी कि पर पीड़ा से बड़ा पाप नहीं और परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इसी विचार को उन्होंने हर जगह प्रचारित किया था। आज के इस दौर में उनके इन विचारों की देश को बड़ी आवश्यकता है।

#### युवाओं के लिये संदेश

व्यक्ति को सीखने के लिए बाहर जाना उचित है वह अपनी सीख को अगर अपने शहर व व्यवसाय के विकास में उपयोग करें तो अपनी मातृभूमि की सेवा कर सकता है। सपने देखों हमेशा पूरा होंगे, जीवन में असल में जो चाह रखते हैं वो पूर्ण होती ही है। जो सोच लिया वह पूरा होना ही है। जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएँ अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग, चाहे अच्छा हो या बुरा भगवान तक जाता है। जिसे हर एक मनुष्य के व्यक्तित्व में स्थापित करना चाहता हूँ।



### जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते तब तक आप भागवान पर विश्वास नहीं कर सकते।

**देव मिश्रा**
भिलाई

यह स्वामी विवेकानंद का एक और स्वर्णिम उपदेश है क्योंकि उनका मानना है कि आप लगातार कुछ करने के लिए काम कर रहे हैं जो आपके सफल होने के लिए हैं।

कितनी बार ऐसा होता है कि हम असुविधाओं के चेहरे पर हार मान लेते हैं और अपने लक्ष्य को छोड़ देते हैं? लेकिन स्वामी विवेकानंद मानवता की महानता में विश्वास करते थे और मनुष्य कैसे भी किसी भी बाधा को दूर करने की क्षमता रखते हैं, यदि वे पर्याप्त रूप से लगातार हों। यह स्वामी विवेकानंद का एक और स्वर्णिम उपदेश है क्योंकि उनका मानना है कि आप लगातार कुछ करने के लिए काम कर रहे हैं जो आपके सफल होने के लिए हैं। इसलिए, यदि आप बार-बार असफल होते हैं तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि यदि आप प्रयास करते रहेंगे तो आप एक दिन या दूसरे दिन अपने लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे।

#### युवाओं के लिये संदेश

यदि स्वयं में विश्वास करता और अधिक विस्तार से पढ़ाया और अभ्यास कराया गया होता, तो मुझे यकीन है कि बुराइयों और दु:ख का एक बहुत बड़ा हिस्सा गायब हो गया होता। उस विचार को अपना जीवन बना लो उसके बारे में सोचो उसके सपने देखो, उस विचार को जियो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों, शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो, और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो। यही सफल होने का तरीका हैं।



**मनुष्य का अध्ययन करो, मनुष्य ही जीवंत काव्य है। जगत में जितने ईसा या बुद्ध हुए है, सभी हमारी ज्योति से ज्योतिष्मान हैं। इस ज्योति को छोड़ देने पर यह सब हमारे लिए और अधिक जीवित नहीं रह सकेंगे, मर जायेंगे। तुम अपनी आत्मा के ऊपर स्थिर रहो।**

**पवन कुमार शर्मा**
डायरेक्टर
माँ शारदा पब्लिक स्कूल

### आज की युवा पीढ़ी को भटकने से रोकना एकमात्र उद्देश्य

*"उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए"*

आज हमारा देश संक्रमण काल से गुजर रहा है। चारों तरफ महंगाई, भाई भतीजावाद, जातिवाद, फैला हुआ है। मेरे युवकों से आह्वान है कि तुम चरित्रवान बनो। संस्कारवान बनो। स्वामी विवेकानंद ने कहा है - हे भावीसुधारक हे भावी देश भक्तों, तुम लोग हृदयवान बनो, प्रेमी बनो, क्या तुम लोग अपने प्राणों में यह अनुभव कररहे हो कि देवताओं एवं ऋषियों की करोड़ो संतान पशु समान हो गई है। क्या देश की दुर्दशा की चिंता तुम्हारे ध्यान का एकमात्र विषय है एवं उस चिंता में डूबकर क्या तुम लोग नाम, यश और स्त्री, पुत्र विषय सम्पत्ति यहां तक की शरीर भी भूल गए हो ?

क्या तुम लोगों की ऐसी अवस्था हुई है यदि हां तो जानना देश भक्ति की पहली सीढ़ी पर अभी तुमने केवल एक कदम रखा है। हे मेरे युवक तुम बलवान बनो, निडर बनो, विश्वास तुम अपने आप पर विश्वास, ईश्वर पर विश्वास यही उन्नति का एकमात्र उपाय है। उठो, जागो तथा लक्ष्य प्राप्त होते तक मत रुको।

#### मेरी भावी नीतियां

आज की युवा पीढ़ी को सही रास्ता दिखना। उन्हें सही दिशा देना और पहले अपने भविष्य के बारे मे सोचना, क्योंकि युवा का भविष्य अच्छा होगा तो परिवार अच्छा होगा जो परिवार अच्छा होगा तो समाज अच्छा होगा, समाज अच्छा होगा तो देश अच्छा होगा।

#### युवाओं के लिये संदेश

मेरा युवाओं के लिए संदेश है कि तुम बलवान बनो, निडर बनो, तुम अपने आप पर पहले विश्वास करो, ईश्वर पर विश्वास करो यही उन्नति का एकमात्र उपाय है। उठो, जागो तथा लक्ष्य प्राप्त होते तक मत रुको।

Admission Open



MA SHARDA PUBLIC SCHOOL
Sector-IX Ph. 0788-2242200
(A English Medium Senior Secondary School) Affiliated to CBSE (A Centre of Excellence)



## महान प्रेरणा स्रोत - स्वामी विवेकानंद

भारतीय संस्कृति को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने वाले महापुरुष स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को सूर्योदय से 6 मिनट पूर्व 6 बजकर 33 मिनट 33 सेकेन्ड पर हुआ। भुवनेश्वरी देवी के विश्वविजयी पुत्र का स्वागत मंगल शंख बजाकर मंगल ध्वनी से किया गया। ऐसी महान विभूती के जन्म से भारत माता भी गौरवान्वित हुई।

बालक की आकृति एवं रूप बहुत कुछ उनके सन्यासी पितामह दुर्गादास की तरह था। परिवार के लोगों ने बालक का नाम दुर्गादास रखने की इच्छा प्रकट की, किन्तु माता द्वारा देखे स्वपन के आधार पर बालक का नाम वीरेश्वर रखा गया। हिन्दू मान्यता के अनुसार संतान के दो नाम होते हैं, एक राशी का एवं दूसरा जन साधारण में प्रचलित नाम , तो अन्नप्रासन के शुभ अवसर पर बालक का नाम नरेन्द्र नाथ रखा गया।

नरेन्द्र की बुद्धी बचपन से ही तेज थी। बचपन में नरेन्द्र बहुत नटखट थे। भय, फटकार या धमकी का असर उन पर नहीं होता था। तो माता भुवनेश्वरी देवी ने अदभुत उपाय सोचा, नरेन्द्र का अशिष्ट आचरण जब बढ जाता तो, वो शिव शिव कह कर उनके ऊपर जल डाल देतीं। बालक नरेन्द्र एकदम शान्त हो जाते। इसमे संदेह नही की बालक नरेन्द्र शिव का ही रूप थे।

माँ के मुहँ से रामायण महाभारत के किस्से सुनना नरेन्द्र को बहुत अच्छा लगता था। बाल्यावस्था में नरेन्द्र नाथ को गाड़ी पर घूमना बहुत पसन्द था। जब कोई पूछता बड़े हो कर क्या बनोगे तो मासूमियत से कहते कोचवान बनूँगा।

पाश्चात्य सभ्यता में विश्वास रखने वाले पिता विश्वनाथ दत्त अपने पुत्र को अंग्रेजी शिक्षा देकर पाश्चात्य सभ्यता में रंगना चाहते थे। किन्तु नियती ने तो कुछ खास प्रयोजन हेतु बालक को अवतरित किया था।

ये कहना अतिशयोक्ती न होगा कि भारतीय संस्कृती को विश्वस्तर पर पहचान दिलाने का श्रेय अगर किसी को जाता है तो वो हैं स्वामी विवेकानंद। व्यायाम, कुश्ती, क्रिकेट आदी में नरेन्द्र की विशेष रूची थी। कभी कभी मित्रों के साथ हास, परिहास में भी भाग लेते। जनरल असेम्बली कॉलेज के अध्यक्ष विलयम हेस्टी का कहना था कि नरेन्द्रनाथ दर्शन शास्त्र के अति उत्तम छात्र हैं। जर्मनी और इग्लैण्ड के सारे विश्वविद्यालयों में नरेन्द्रनाथ जैसा मेधावी छात्र नहीं है।

नरेन्द्र के चरित्र में जो भी महान है, वो उनकी सुशिक्षित एवं विचारशील माता की शिक्षा का ही परिणाम है। बचपन से ही परमात्मा को पाने की चाह थी। डेकार्ट का अंहवाद, डार्विन का विकासवाद, स्पेंसर के अद्वेतवाद को सुनकर नरेन्द्रनाथ सत्य को पाने का लिये व्याकुल हो गये। अपने इसी उद्देश्य की पूर्ती हेतु ब्रह्मसमाज में गये किन्तु वहाँ उनका चित्त शान्त न हुआ। रामकृष्ण परमहंस की तारीफ सुनकर नरेन्द्र उनसे तर्क के उद्देश्य से उनके पास गये किन्तु उनके विचारों से प्रभावित हो कर उन्हे गुरू मान लिया। परमहसं की कृपा से उन्हे आत्म साक्षात्कार हुआ। नरेन्द्र परमहंस के प्रिय शिष्यों में से सर्वोपरि थे। 25 वर्ष की उम्र में नरेन्द्र ने गेरुवावस्त्र धारण कर सन्यास ले लिया और विश्व भ्रमण को निकल पड़े।

1893 में शिकागो विश्व धर्म परिषद में भारत के प्रतीनिधी बनकर गये किन्तु उस समय युरोप में भारतीयों को हीन दृष्टी से देखते थे। उगते सूरज को कौन रोक पाया है, वहाँ लोगों के विरोध के बावजूद एक प्रोफेसर के प्रयास से स्वामी जी को बोलने का अवसर मिला। स्वामी जी ने बहिनों एवं भाईयों कहकर श्रोताओं को संबोधित किया। स्वामी जी के मुख से ये शब्द सुनकर करतल ध्वनी से उनका स्वागत हुआ। श्रोता उनको मंत्र मुग्ध सुनते रहे निर्धारित समय कब बीत गया पता ही न चला। अध्यक्ष गिबन्स के अनुरोध पर स्वामी जी आगे बोलना शुरू किये तथा 20 मिनट से अधिक बोले। उनसे अभिभूत हो हजारों लोग उनके शिष्य बन गये। आलम ये था कि जब कभी सभा में शोर होता तो उन्हे स्वामी जी के भाषण सुनने का प्रलोभन दिया जाता सारी जनता शान्त हो जाती।

अपने व्याख्यान से स्वामी जी ने सिद्ध कर दिया कि हिन्दु धर्म भी श्रेष्ठ है, उसमें सभी धर्मों समाहित करने की क्षमता है। इस अदभुत सन्यासी ने सात समंदर पार भारतीय संस्कृति की ध्वजा को फैराया।

स्वामी जी केवल संत ही नही देशभक्त, वक्ता, विचारक, लेखक एवं मानव प्रेमी थे। 1899 में कोलकता में भीषण प्लेग फैला, अस्वस्थ होने के बावजूद स्वामी जी ने तन मन धन से महामारी से ग्रसित लोगों की सहायता करके इंसानियत की मिसाल दी। स्वामी विवेकानंद ने, 1 मई,1897 को रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। रामकृष्ण मिशन, दूसरों की सेवा और परोपकार को कर्मयोग मानता है जो कि हिन्दुत्व में प्रतिष्ठित एक महत्वपूर्ण सिध्दान्त है।

39 वर्ष के संक्षिप्त जीवन काल में स्वामी जी ने जो अदभुत कार्य किये हैं, वो आने वाली पिढीयों को मार्ग दर्शन करते रहेंगे। 4 जुलाई 1902 को स्वामी जी का अलौकिक शरीर परमात्मा मे विलीन हो गया।

## स्वामी जी का आदर्श

"उठो जागो और तब तक न रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए" अनेक युवाओं के लिये प्रेरणा स्रोत है।
स्वामी विवेकानंद जी का जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी शिक्षा में सर्वोपरी शिक्षा है

**"मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है"**

## खबर संक्षेप

### उतई मंडई आज

**उतई।** उतई का मड़ई मेला 12 जनवरी को आयोजित किया गया है। रात्रि में खरोरा वालो का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी नगर उत्सव समिति के अध्यक्ष राकेश साहू ने दी।

### युवान उत्सव आज

**निकुम।** स्व.पुकेश्वर सिंह भारदीय कालेज निकुम में शुक्रवार को युवान महोत्सव का दोपहर 12 बजे आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्यअतिथि दुर्गग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर होगें। अध्यक्षता माया बेलचंदन, विशिष्ठ अतिथि जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, सरपंच मुक्ति सुधाकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव देशमुख, मंडल भाजपा अध्यक्ष अंजोरा गिरीश साहू, सांसद प्रतिनिधि पंचराम देशमुख होगें। कालेज के विद्यार्थियों व युवा प्रतिभाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।

## निधन

### मनिराम यादव

**सेलूद।** ग्राम कसही निवासी



मनीराम यादव उम्र 75 साल का निधन 11 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 जनवरी को सुबह 11 बजे कसही में किया जाएगा। वे ग्राम पंचायत बेलोदी के सचिव चंद्रशेखर यादव, उपसरपंच देवकुमार यादव, कृष्ण कुमार यादव के पिता थे।

### रंभा बाई सिन्हा

**जामगांव आर।** कुम्हली निवासी समाजसेवी रंभा बाई सिन्हा उम्र 85 वर्ष का निधन गुरुवार को कबीर धाम रायपुर निवास में हो गया। उनका अंतिम संस्कार कबीर धाम रायपुर में किया गया। वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक के पूर्व प्रचारक रूपनारायण सिन्हा की मां थीं।

## धान खरीदी केंद्र का विधायक ने किया निरीक्षण, किसानों से की चर्चा

# धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर प्रबंधक को दी चेतावनी, व्यवहार सुधारने दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

वृत्ताकार सहकारी समिति अंडा पंजियन क्रमांक 295 में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। विधायक ने किसानों से चर्चा की और धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

छत्तीसगढ़ में इन दिनों धान खरीदी जोरों पर है। छत्तीसगढ़ के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। प्रदेशभर के किसान भाजपा सरकार की इस पहल से खुश हैं। इस बीच दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर अंडा ग्राम पंचायत के धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति पहुंचे। उन्होंने धान खरीदी की स्थिति जाना और यहां मिलने वाले बारदानों की क्वालिटी भी देखा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। समिति संचालक किसानों को परेशान न करें और नियमानुसार और निर्धारित दर पर ही धान खरीदी की जाए। इस दौरान विधायक बायो मेट्रिक आधारित धान खरीदी व्यवस्था का भी जायजा लिया। समिति के सदस्यों ने विस्तार से पूरी व्यवस्था की जानकारी दी।

### बारदानों की समुचित व्यवस्था करने विधायक ने किया निर्देशित



### किसानो नें बताया मिल रहे नए व पुराने दोनों बारदाने

चर्चा के दौरान किसानों ने विधायक श्री चंद्राकर को बताया कि केन्द्र में नए व पुराने दोनों बारदाने मिल रहे हैं। पुराने बारदाने खींचने पर नीचे फट जाते हैं। इस पर विधायक से समिति प्रबंधक को बारदानों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मंगलवार को धानखरीदी केन्द्र में कुल 78 टोकन वाले किसानों का धान खरीदा गया। इस दौरान विधायक जंजगिरी, अंडा, चिंगरी, विनायकपुर सहित अन्य स्थानों से आए किसानों से चर्चा की।

### भाजपा सरकार ने निभाया अपना वादा

किसानों से चर्चा के दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद अपने वादे और प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों को पूरा करने का काम कर रही है। सरकार बनने के बाद किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया गया। 31सौ रुपए प्रति क्विंटल धान और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का भी वादा पूरा किया है। जल्द ही महतारी वंदन योजना लागू की जाएगी, जिसमें महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपए मिलेंगे। साथ ही 500 रुपए में एलपीजी भी दिया जाएगा। किसानों से चर्चा के दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी।

### यह रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान विधायक ललित चंद्राकर के साथ किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, समिति प्रबंधक राजकुमार खोब्रागडे, मुरली ठाकुर जंजगिरी, दिनेश देशमुख, जीवनलाल, यशवंत चंद्राकर अंडा, दिलीप चंद्राकर, दीनदयाल साहू, उपेंद्र, गुलशन, लुकेश्वर, नागराज, सुरेन्द्र चंद्राकर, बिरेन्द्र चंद्राकर, विश्राम सिंह चिंगरी, मालिकराम, कृष्णा, कवंलसिंह पटेल, शंकर पटेल, समिति कर्मचारी सहायक प्रबन्धक उपेंद्र देशमुख, गुलशन दिल्लीवार, अन्ना दिल्लीवार, नागराज भारती, चन्द्रकांत भोई, रामसाय साहू, दीनदयाल साहू, डी पी.चंद्राकर, तथा विनायकपुर मंगतिन बाई, उर्मिला बाई, अजय वर्मा, नंदिनी वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पारंपरिक वेशभूषा में दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा विकासखंड देवरी संकुल के सभी स्कूलों द्वारा प्राथमिक शाला नन्देली में लईका मड़ई का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विदाई, स्वागत, सांस्कृतिक सहित अनेकानेक विधाओं को सम्मिलित किया गया। जिसमें संकुल के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मान डी.एल.डहरिया विकासखण्ड शिक्षाधिकारी, महावीर वर्मा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिन्हें संकुल परिवार की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

- फन गेम, मूर्ति कला, पेपर क्राफ्ट रहे आकर्षण का केंद्र
- संकुल स्तरीय लईका मड़ई में विदाई, स्वागत सहित हुए विविध आयोजन

प्राथमिक शाला नंदेली में लईका मड़ई के आयोजन में स्थानांतरित शिक्षकों की विदाई एवं आगंतुक शिक्षकों का सम्मान भी किया गया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा आनंद मेला, सब्जी मेला, फन गेम, चित्रकला, मूर्ति कला, रंगोली, पेपर क्राफ्ट, थाली सजाओ, क्विज प्रतियोगिता, सुलेख हिंदी एवं अंग्रेजी जैसे कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। एक विधा में एक ही बच्चे को लिया गया जिससे अधिक बच्चों को कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को पारम्परिक वेशभूषा और छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जो हमारी छत्तीसगढ़ की परंपरा, पहचान और संस्कृति से ओतप्रोत था। इसके अलावा आनन्द मेला सब्जी मेला में खरीदी बिक्री व गणितीय संक्रियाओं को समझने टोकन के रूप में अलग-अलग नकली नोट बच्चों को उपलब्ध कराए गए थे। क्विज प्रतियोगिता में भी वर्तमान परिशिष्टों के अनुसार प्रश्नों का चयन किया गया था।

मुख्य अतिथि धमधा विकासखंड के शिक्षा अधिकारी डीएल डहरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में उत्साह, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक भावनात्मक रचनात्मक एवं आत्मविश्वास जैसे विभिन्न कौशलों का विकास होता है। इस प्रकार के कार्यक्रम सभी स्कूलों में शिक्षकों को जरूर कराए जाने चाहिए साथ ही उन्होंने सभी बच्चों और शिक्षकों को कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

### शॉल व श्रीफल देकर किया सम्मानित

संकुल परिवार हर बार की तरह इस बार भी अपने जीवनकाल में लम्बे समय से कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे संकुल से स्थानांतरित शिक्षक अन्नजय साहू, गेतेश्वरी राणा, पायल साहू, विरेंद्र साहू को शॉल-श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर ससम्मान विदाई दी गई साथ ही संकुल में आए नए शिक्षक अंजोर दास मधुकर और हीरालाल ठाकुर को भी शॉल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर उनका संकुल में स्वागत किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी बच्चों को प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र व अन्य पुरस्कार दिए गए। आभार प्रदर्शन प्राथमिक शाला नन्दवाय के प्रधानपाठक उधोदास वैष्णव ने किया।

### इनका रहा योगदान

इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नंदेली-भरनी सरपंच चंद्रशेखर वर्मा एवं काशी वर्मा, संकुल समन्वयक डाम्हर साहू, हाईस्कूल प्राचार्य आर.के.साहू, मिडिल प्रधान पाठक उमेश्वरी दुबे, अनसुईया धार्मिक, प्राथमिक प्रधानपाठक उधोदास वैष्णव, झनकलता ठाकुर, देवी धीवर, नूतन चौहान, समृद्धि ताम्रकार, मीनाक्षी दुबे, मीनाक्षी वर्मा, वाणी मैडम, रुबिन्दर कौर, संगीता गुप्ता, केशर ठाकुर, प्रतिभा पाण्डेय, गिरिराज सिन्हा, दुर्गा प्रसाद साहू, विनोद निषाद, उमेश कुमार सोनी, प्रदीप राजपूत, संगीत मजगौरी, लीना सिन्हा, विनोद भारद्वाज, बासन पोटाई, हेमा पटेल, ज्योति जुगनार, शेफाली शाह सहित नन्देली ग्रामवासियों व सभी विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

### चुनकट्टा में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता कल

**सेलूद।** न्यू ज्योति क्रिकेट क्लब चुनकट्टा व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम चुनकट्टा में 13 जनवरी को टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के आयोजक समिति के बसंत कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार की सुबह 10 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच भूषण सिंह सोनवानी होंगे। अध्यक्षता दिव्या कलिहारी जिलाध्यक्ष बीजेपी महिला मोर्चा एवं उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग विशेष अतिथि डॉ मानसिंग यादव सहित अन्य जन उपस्थित रहेंगे। विजेताओं को नगद व रनर अप को ट्रॉफी दी जाएगी।

### गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में युग ऋषि गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के मार्गदर्शन में जनकल्याण की भावना से 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 12 से 16 जनवरी तक ग्राम चिंगरी में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कलश यात्रा, युग संगीत, सामूहिक जाप, दीप महायज्ञ, प्रज्ञायोग व विभिन्न संस्कार जैसे पुंसवन संस्कार, मुंडन संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार, दीक्षा संस्कार का आयोजन समस्त ग्रामवासी व गायत्री परिवार द्वारा कराया जायेगा। यह जानकारी प्रेमलाल सिन्हा, डॉ एनके सिन्हा, रोमन सिन्हा ने दी।

### क्रिसमस उत्सव का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई सेक्टर 6,कैथोलिक चर्च के भवन में बीडीपीसी (भिलाई डिनरी पास्टल कौंसिल) द्वारा क्रिसमस बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर महाधर्म प्रांत के विकार जनरल फादर सबास्टिं पुवट्टं रहे। इस कार्यक्रम में नृत्य, गीत और नाटक जैसे रोचक प्रस्तुतियों की प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें डिनरी की पल्लीयों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कैथोलिक संत विनसंट चर्च चरोदा , द्वितीय स्थान पर पॉवर हाउस पल्ली, तीसरे स्थान पर नंदानी पल्ली और गीत संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संत विनसंट पल्लौटि पल्ली चरोदा, दूसरे स्थान पर खुर्सीपार पल्ली, तीसरे स्थान पर सेक्टर 6 पल्ली रहे। बाइबिल से विषय लेकर नाटक प्रस्तुति में प्रथम स्थान नंदिनी पल्ली, दूसरा स्थान बोर्सी पल्ली, तीसरा स्थान शांति नगर पल्ली ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम में एडी विल्सन, प्रमोद पन्ना, युज़िन मैथ्यू, बृजेश मोहंती, विजय अड्रेयास, सती जोसफ, संगीता शामिल रहे।

## बिजनेस साइट

### रावतपुरा इंस्टीटूशन्स में करियर डेवलपमेंट सेंटर शुरू



**कुम्हारी।** छात्रों के सर्वांगीण विकास व बेहतर करियर के लिए रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स कुम्हारी में संस्था के वाईस चेयरमेन डॉ. जेके उपाध्याय ने करियर डेवलपमेंट सेंटर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डायरेक्टर एडमिन डॉ. आदित्य खरे, डिप्टी डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ओम प्रकाश त्रिपाठी, कैंपस निदेशक डॉ. प्रीती गुरनानी, प्राचार्या मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग, डी चेनम्मा भास्कर, प्राचार्य श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव, फैकल्टी स्टाफ सहित सभी स्टूडेंट्स मौजूद रहे। आपको बता दे की डॉ. जेके उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी छात्रों को अपना करियर गोल बनाकर उसको हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम करना हैं सिर्फ एक जॉब तक सीमित नहीं रहना हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्री फाइनल ईयर के छात्रों के पास अपने आपको को तैयार करने के लिए समय हैं जबकि फाइनल ईयर के छात्रों को समय कम होने से जल्दी से अपने करियर की तैयारी के लिए लग जाना चाहिए। डिप्टी डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से करियर डेवलपमेंट सेंटर के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी।

### एमबीएसआई ने सेंट थॉमस कॉलेज के छात्रों को किया सम्मानित



**भिलाई।** माइक्रो बायोलॉजिस्ट सोसाइटी, इंडिया (एमबीएसआई) ने भिलाई के सेंट थॉमस कॉलेज के चार छात्रों का चयन किया है और उन्हें सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया है। सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार विजेताओं का चयन उनके समग्र शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या प्रदर्शन के आधार पर किया गया था। अर्पणा कुजूर एमएससी जैव प्रौद्योगिकी, कौक़ूब फातिमा एमएससी माइक्रो बायोलॉजी, निशिता गौतम बीएससी माइक्रोबायोलॉजी और नवीन बीएससी जैव प्रौद्योगिकी को पुरस्कारों के लिए चुना गया। एमबीएसआई की ओर से पुरस्कार समारोह का आयोजन श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी में किया गया। दुर्ग कॉलेज के प्रशासक डॉ फादर जोशी वर्गीज, प्रिंसिपल डॉ. एमजी रॉयमन, कॉलेज प्रबंधन और स्टाफ ने छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### फायर सेफ्टी डिजास्टर में कैंपस सिलेक्शन में युवाओं को मिली नौकरी



**भिलाई।** संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई में कैंपस सिलेक्शन का आयोजन किया गया। इस कैंपस सिलेक्शन में संस्था के द्वारा 1 वर्ष पाठ्यक्रम प्रशिक्षण होने उपरांत छात्र-छात्राओं को फायरमैन पद एवं सेफ्टी ऑफिसर पद की नियुक्तियां होती है। संस्था में तीन कंपनियां जिसमें श्री वासु लॉजिस्टिक रायपुर के द्वारा छात्रों का इंटरव्यू लिया गया। जिनके द्वारा दो फायरमैन पद के लिए छात्रों का चयन हुआ। ठेकेदार कंपनी जिनका कार्यस्थल भिलाई स्टील प्लांट के लिए 10 सेफ्टी ऑफिसर कि भर्ती ली गई। स्टे प्रोटेक्ट सिक्योरिटी गॉड प्राइवेट लिमिटेड. कंपनी सिक्योरिटी गार्ड के लिए चयन 10 छात्रों का चयन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्र जो भिलाई स्टील प्लांट के अंदर भारत सरकार का उपक्रम रेल मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड भिलाई स्टील प्लांट में उद्योग सुरक्षा पद में कायत हैं। दो छात्र सरदार सतविंदर सिंह एंड कंपनी जिनका कार्य भिलाई स्टील प्लांट के अंदर ठेकेदार कंपनी है और एक छात्र एनएमडीसी नगर न बचेली में फायरमैन पद में कार्य है। संस्था का स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया। सभी कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि सभी छात्रों को लगभग एक सप्ताह के अंदर कंपनी में नौकरी के लिए जॉइनिंग दी जावेगी। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी, शत्रुहन लाल धनकर और तपन कुमार विश्वास ने जानकारी बताया कि फायर एवं सेफ्टी एक वर्ष प्रशिक्षण को करने उपरांत संस्था के द्वारा नौकरी की सहायता दी जाती है। संस्था का मुख्य उद्देश्य है कि बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत कार्य उपलब्ध में मदद करना। ऐसे कैंपस सलेक्शन कार्यक्रम निरंतर होते हैं जिसके द्वारा छात्रों को नौकरी लगे में मदद की जाती है। संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त के छात्र निजी कंपनियां अर्थशास्त्र के एवं शासकीय और विदेशों में भी संस्था के छात्र फायरमैन और सेफ्टी ऑफिसर के पद में कार्य करें हैं। छत्तीसगढ़ की लगभग सभी कंपनियों जैसे पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एनएमडीसी नगर बचेली, डीआरडीओ जगदलपुर, एलएनटी, लैंको पावर प्लांट कोरबा जैसी विभिन्न कंपनियों में कार्य कर रहे हैं

## कांग्रेस का हिंदुत्व व भगवान राम विरोधी चेहरा उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम के पूर्व सभापति व भाजपा नेता राजेंद्र अरोरा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण अस्वीकार करना कांग्रेस के हिंदुत्व विरोधी और भगवान राम विरोधी चेहरे को उजागर करता है। 550 साल बाद देशवासियों के लिए गौरवशाली क्षण 22 जनवरी को आने वाला है जब प्रभु राम अपने जन्म स्थान पर फिर से विराजमान होंगे। अयोध्या में ट्रस्ट द्वारा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए कांग्रेस को भी नेवता भेजा था, लेकिन इस नेवता को कांग्रेस ने ठुकरा दिया है। राजेंद्र अरोरा ने कहा कि प्रारंभ से ही कांग्रेस हिंदुत्व और भगवान राम की विरोधी रही है। कांग्रेस के बडे नेता भगवान राम को काल्पनिक बताते रहे, समय-समय पर कांग्रेस के लोगों ने मंदिर जाकर हिंदु होने का ड्रामा भी किया। आज जब पूरा देश रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर उल्लास के वातावरण में डूबा है और 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राम दीपावली मनाने आतुर है तब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, श्रीमती सोनिया गांधी और अधिरंजन चौधरी प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराकर कांग्रेस के हिंदुत्व विरोधी और राम विरोधी चेहरे को उजागर कर दिया है। श्री अरोरा ने कहा कि कांग्रेस के इस निर्णय के हिसाब आने वाले समय में देश की जनता अवश्य लेगी।



- पूर्व सभापति राजेंद्र अरोरा ने कांग्रेस के फैसले पर दी प्रतिक्रिया

### युवक-युवती परिचय व प्रतिभा सम्मान सम्मेलन 14 को



**भिलाई।** अहिवारा परिक्षेत्र का बुधवार को आवश्यक बैठक रखा गया था। जिसमें 14 जनवरी को अहिवारा में सामाजिक सम्मेलन युवक-युवती परिचय सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान सम्मेलन एवं आदर्श विवाह होना है। संबंध में चर्चा व तैयारी और कार्य बांटा गया। इस बैठक में झेरिया यादव समाज जिला दुर्ग के उपाध्यक्ष मंगल यादव एवं युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अश्वनी यादव एवं गोढ़ी परिक्षेत्र अध्यक्ष यशपाल यादव और जामुल परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रीतम यादव भी उपस्थित थे। अहिवारा परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेश यादव एवं उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव सचिव हेमचंद्र यादव एवं कोषाध्यक्ष मनोज यादव के संयोजन में सम्पन्न हुआ।



# फरियादी पूछ रहे जेडी साहब हैं क्या, प्यून-पहले या बाद में आए वो वाले?

## संभागीय कार्यालय में दो-दो जेडी से कन्फ्यूज हो रहे फरियादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

संभागीय कार्यालय में इन दिनों गजब का माहौल बन गया है। फरियादी यह नही तय कर पा रहे है कि, वे अपनी पीडा किसे बताए। बहरहाल जेडी के पद में दो-दो अधिकारियों के होने से कुर्सी की लडाई निर्मित हो गई है। हालात यह हैं कि, कुर्सी खिंच स्थिति निर्मित होने से पहले दोनो अधिकारियों को चेंबर तो दे दिया गया हैं, लेकिन फरियादियों की समस्या बढ गई है।

बहरहाल संभागीय कार्यालय में कोर्ट के आदेश से बहाल होकर आए जेडी गिरधर मरकाम के लेटर पैड से विभागीय कार्य हो रहे है। इसके पहले उनके जगह आरएल ठाकुर पदस्थ थे। बता दे कि, विगत दिनों पदोन्नति के बाद मनचाहे जगह में पोस्टिंग किए जाने के मामले में राज्य शासन द्वारा गिरधर मरकाम को निलंबित कर दिया गया था। एक अगस्त 2023 से उनके निलंबित होने के बाद यहां उनके जगह आरएल ठाकुर जेडी के पद पर नियुक्त किए गए थे। लेकिन बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा विगत दिनों दिसंबर माह में संसोधन मामले की सुनवाई करते हुए गिरधर मरकाम को बहाल कर दिया गया था। जिसके बाद से उनके आने के बाद दुर्ग संभागीय कार्यलय में दो-दो संचालक धमक पडे है। जिसके चलते कुर्सी की लडाई निर्मित है। खैर यह हालात दुर्ग के आलावा, बिलासपुर, सरगुजा और रायपुर संभाग में भी होने की बात कही जा रही है।

### डीपीआई से नहीं आया कोई फरमान

संसोधन का मामला पूर्व कांग्रेस सरकार के दौरान का है। लेकिन तखता पलटने के बाद शिक्षा का जिम्मा लेकर बैठे उच्च नौकरशाहों ने अब तक दो-दो जेडी के मामले को संज्ञान में नही लिया है। यही कारण हैं कि, दुर्ग सहित चारों संभाग में एक पद पर दो-दो जेडी कूद पडे है। देखना हैं कि, इस मामले में मंत्री कब तक आदेश जारी करते हैं।




### बीस दिसंबर से स्थिति निर्मित

एक अगस्त 2023 को संयुक्त संचालक दुर्ग में पदस्थ गिरधर मरकाम को निलंबित कर दिया गया था। लेकिन हाईकोर्ट द्वारा उन्हें बीस दिसंबर को बहाल कर दिया गया था। संयुक्त संचालक के खिलाफ की गई कार्यवाही हाईकोर्ट के फैसले के बाद शून्य हो गई है। विगत दिनों कोर्ट के इस निर्णय से चारों संभाग के जेडी ने राहत की सांस ली थी। हांलाकि आज भी संसोधन से प्रभावित शिक्षको को वेतन जारी नही किया गया है।

## खबर संक्षेप

### किसान मेला और संगोष्ठी आज

**दुर्ग।** कृषि मंत्री छग शासन के मुख्य आतिथ्य में दुर्ग जिला अंतर्गत दिनांक 12 और 13 जनवरी को दो दिवसीय राज्य स्तरीय किसान मेला एवं कृषि संगोष्ठी ग्राम खपरी (कुम्हारी) विकासखंड धमधा जिला दुर्ग में आयोजित किया जा प्रस्तावित है। जिसमें कृषकों को नवीन कृषि तकनीक एवं विभागीय योजना उन्नत कृषि यंत्र जैविक खेती इत्यादि के प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने कहा कि, धमधा, पाटन,और दुर्ग के समस्त किसान भाई अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो के कृषि मेला और कृषक संगोष्ठी का लाभ लें।

### कलेक्टर ने की मणिकंचन केन्द्र का निरीक्षण

**दुर्ग।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर सुश्री ऋृचा प्रकाश चौधरी ने गुरूवार 11 जनवरी को नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जोन 4 खुर्सीपार में वार्ड 42 में स्थापित मणिकंचन केन्द्र (एस.एम.एल.आर. सेंटर) का निरीक्षण किया। उन्होनें यहां पर कचरे के पृथ्थकीकरण कर, कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया को देखी। कलेक्टर ने निगम आयुक्त को मणिकंचन केन्द्र के रिक्त भूमि मे पेड़ पौधे लगा कर हरियाली से अच्छादित करनें निर्देशित किया। उन्होने डोर टू डोर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया कि जानकारी प्राप्त कर कहा कि शहर की सफाई जनभागीदारी के बिना पुरा नहीं हो सकता लोगो में जागृति लाना होगा, कि घर से निकलने वाले गीला एवं सुखा कचरा को अलग कर के डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहन में देवें। जिलाधीश ने सुखा कचरा से आय अर्जित करने के टीप भी दिये। उन्होने शास्त्री मार्केट, नंदनी रोड व्यावसायिक क्षेत्र तथा दुर्गापारा, शक्तिपारा वार्ड 38 एवं 42 क्षेत्र में चल रहे नाली एवं सड़क सफाई कार्य का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव और अन्य अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित थे।

### सप्लायरों के तकादा से ठेकेदार की बढ़ी मुश्किलें

# दस करोड़ का मटेरियल भुगतान बकाया, मजदूरी का 21 लाख अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जिले में दस करोड रूपए से अधिक का मटेरियल भुगतान जारी नही हो सका है। जिसके चलते गांव में कार्य कर रहे ठेकेदारों की मुश्किले बढ गई है। ठेकेदार लगातार जनपद पंचायतों में अर्जी देकर थक चुके है। लेकिन पिछले तीन माह से फूटी कौडी केन्द्र से जारी नही हुई है।

उल्लेखनीय हैं कि, नरेगा योजना के तहत गांव में भवन निर्माण, शौचालय आदि कार्य किए जाते है। जिसके तहत मजदूरों का मजदूरी भुगतान सिर्फ 21 लाख रूपए ही शेष है। जबकि मटेरियल का भुगतान पिछले सितंबर माह से नही हो रहा है। ठेकेदारों का कहना है कि, मटेरियल भुगतान नही किए जाने के चलते उन्हें सप्लायरों की नाराजगी का सामना करना पड रहा हैं। आगामी दिनो जिले में पीएम आवास बनाए जाने है। अगर मटेरियल भुगतान नही किया गया तो ठेकेदार निर्माण कार्य नही किए जाने के लिए लामबंद हो सकते है।

## जनपदों में भुगतान करने लगातार कर रहे मांग

**खास बातें**

- मजदूरी से ज्यादा मटेरियल भुगतान अटका
- अफसर केन्द्र से आबंटन नही होने का दे रहे हवाला
- सप्लायरों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा



### पचास दिन राज्य की हिस्सेदारी

अफसरो की माने तो जिले में सौ दिन से अधिक का कार्य किसी भी मजदूर ने नही किया है। बताया गया कि, सौ दिन के मजदूरी का भुगतान केन्द्र सरकार करती है, वही पचास दिन अतिरिक्त मजदूरी दर का भुगतान राज्य सरकार करती है। लेकिन जिले में सौ से अधिक दिन के कार्य रिकार्ड इस वित्तिय वर्ष में नही है।

### ढाई लाख सदस्य, सौ दिन 2633 को मिला काम

जानकारी अनुसार मजदूरी भुगतान की बात करे तो जिले में एक लाख 21 हजार 987 जाब कार्डधारी परिवार है। जिसमें दो लाख 52 हजार सदस्य है। अफसरों के अनुसार इस वित्तिय वर्ष में 82410 सदस्य मजूदरी कार्य किए है, जिसमें से 2633 को सौ दिन काम मिल पाया। अफसरों के अनुसार डेढ सौ कार्य की संख्या शून्य है। यानि जिले में एक भी लेबर सौ दिन से आगे कार्य करने में रूचि नही दिखाए है।

### पीएम आवास बनने से मिलेगा रोजगार

आगामी दिनों पीएम आवास बनने से मजदूरों को रोजगार मिलेगा। लेकिन मजदूरी भुगतान नही होने से ठेकेदारो की परेशानी बरकरार है। इधर पीएम आवास को लेकर अभी भ्रांतियां है। भेल ही राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में 18 हजार आवास बनाने की बात कही गई है। लेकिन जिले में कितने आवास बनेगें यह अफसर भी कहने से बच रहे है। हाल ही में आर्थिक, समाजिक और जातिगत जनगणना के दौरान आवास का भी सर्वे कराया गया था। इसमें सिर्फ 24 सौ लोगों को पात्र किया गया हैं।

# कोलिहापुरी में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शासकीय पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग द्वारा दुर्ग विकासखण्ड के ग्राम कोलिहापुरी में बुधवार 10 जनवरी को शासकीय प्राथमिक शाला विशेष शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में विशेष अतिथि के रूप में आशीष डहरिया व्यवहार न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के द्वारा शिविर में उपस्थित छात्राओं ग्रामीणजनों को कानून क्या है, कानून का निर्माण कैसे होता है तथा कानून के प्रति हमारे कर्तव्य व अधिकार क्या है, से अवगत करते हुए साइबर क्राइम, यातायात के नियमों का पालन करना, बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाना, पोक्सो एक्ट, नालसा हेल्पलाइन के जरिए मुक्त कानूनी सलाह सहायता कैसे प्राप्त किया जा सकता है एवं ऐसे व्यक्ति जो आर्थिक तंगी की वजह से अपने मामलों में पैरवी हेतु अधिवक्ता नियुक्त करने में असमर्थ रहते है, किस प्रकार से निःशुल्क पैनल अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से प्राप्त कर सकते हैं, इसकी जानकारी देते हुए अनेक विधि संबंधी जानकारी प्रदान की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत ग्राम कोलिहापुरी में आयोजित उक्त शिविर में शासकीय पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के प्राचार्य डॉक्टर सुशील चंद्र तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर यशेश्वरी ध्रुव, श्रीमती वंदना बंजारे, प्राध्यापक डॉक्टर आरती राठौर, कुमारी रश्मि, दीपक कश्यप, अमित तथा स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला कोलिहापुरी के प्रधान पाठिका तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण व आम ग्रामीणजन उपस्थित रहे हैं, जो विधिक ज्ञान से लाभान्वित हुए।

- जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में भी रक्तदान जीवनदान शिविर

### रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित

न्यायालय परिसर में उपस्थित अन्य आमजनों के द्वारा रक्तदान जीवनदान शिविर में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए बड़ी संख्या में अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुए स्वेच्छ से रक्तदान किया। शिविर में स्वेच्छया रक्तदान करने वालों दानदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित कर प्रमाण पत्र वितरण करते हुए सम्मानित किया गया।

### अधिवक्ता और न्यायधीश थे शामिल

इसी तरह जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के तत्वाधान में जिला न्यायालय दुर्ग में अधिवक्ता संघ के ग्रंथालय में आशीर्वाद ब्लड बैंक संस्था भिलाई जिला दुर्ग एवं अधिवक्ता संघ दुर्ग के सहयोग से रक्तदान-जीवनदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान जीवनदान शिविर में नीता यादव जिला न्यायाधीश दुर्ग के अलावा न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण तथा न्यायिक थे।

## मतदान सामग्री वितरण केन्द्रों का किया अवलोकन

**दुर्ग।** आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों के साथ आज विधानसभा निर्वाचन के दौरान मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं सामग्री वापसी केन्द्रों का अवलोकन किया और अधिकारियों से व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर सुश्री चौधरी ने मतदान सामग्री वितरण केन्द्र मानस भवन दुर्ग, पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग और साईंस कालेज दुर्ग तथा मतदान सामग्री वापसी केंद्र शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज दुर्ग में पूर्व की व्यवस्था से अवगत हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर श्री बी.के. दुबे ने बताया कि मानस भवन दुर्ग से विधानसभा पाटन, दुर्ग शहर, साजा एवं बेमेतरा (आंशिक) के लिए, पालिटेक्निक कॉलेज से दुर्ग ग्रामीण एवं अहिवारा तथा साईंस कालेज दुर्ग से भिलाई नगर एवं वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दलों के सामग्री वितरित की गई थी। उन्होंने बताया कि ई.वी.एम. को द्वितीय रेण्डमाईजेशन पश्चात मतदान सामग्रियों के साथ वितरण केन्द्रों में सुरक्षित रखा गया था। मतदान सामग्रियों की वापसी शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी में की गई। यहां बनाए गए स्ट्रांग रूम में मतगणना तक ई.वी.एम. सुरक्षित रखा गया था। उन्होंने वाहन पार्किंग व्यवस्था एवं सुरक्षा की पुख्ता प्रबंध के संबंध में भी अवगत कराया। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह स्थल रविशंकर स्टेडियम का भी अवलोकन किया और अधिकारियों को विगत वर्षों की भांति व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इस अवसर पर ए.डी.एम. श्री अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी.के. दुबे, एस.डी.एम. दुर्ग श्री मुकेश रावटे, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त श्री लोकेश चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आबकारी विभाग ने की अवैध शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा वर्ष 2023-24 में माह दिसम्बर 2023 तक अवैध शराब के परिवहन, धारण, चौर्यनयन एवं विक्रय पर सतत कार्यवाही करते हुए देशी मदिरा 1060.44 लीटर, विदेशी मदिरा 625.21 लीटर, 4630 लीटर महुआ शराब, 116405 किलोग्राम महुआ लाहन, 2.25 किलोग्राम गांजा, कुल 20 वाहन जिसमें 18 दोपहिया वाहन तथा 02 चारपहिया वाहन जप्त किया गया, जिसका कुल बाजार मूल्य 87 लाख 24 हजार 11 रूपये है। इन प्रकरणों में कुल 38 आरोपियों को जेल दाखिला करवाया गया है।

सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल से मिली जानकारी अनुसार विभाग द्वारा 11 जनवरी 2024 को दोपहर 2.30 बजे अवैध शराब की सूचना के आधार पर मड़ौदा बाजार थाना नेवई के पास आरोपी मनोज कुमार लहरे निवासी खुर्सीपार भिलाई तथा दीपक चन्दन, निवासी सुपेला भिलाई की तलाशी पर आरोपियों के कब्जे से एक सफेद बोरे में रखे कार्टून से 12 बोतल मैवडावल नम्बर 1 व्हिस्की, प्रत्येक बोतल में 750 एम.एल. कुल मात्रा 9 बल्क लीटर अवैध शराब बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर लिया जाकर प्रकरण की विवेचना की जा रही है। विभाग द्वारा अवैध शराब के धारण, विक्रय एवं परिवहन पर नियंत्रण तथा रोकथाम हेतु बार, होटल, ढाबों के साथ-साथ बस स्टेशनों, रेल्वे स्टेशनों, पारम्परिक एवं मुख्य मार्गों में लगातार गश्त एवं जांच की कार्यवाही की जा रही है।

- लगातार गश्त एवं जांच की कार्यवाही की जा रही

## जिले में रेत की किल्लत बीस हजार तक पहुंचा दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में रेत की जबरदस्त किल्लत होने से निर्माण कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे है। रेत खदानों में पानी भरे होने के कारण जिले से रेत की निकासी नही हो रही है। ऐसे में धमतरी और कांकेर से आ रहे रेत को बीस से पच्चीस हजार देकर खरीदने लोग मजबूर हो गए है। जानकारी अनुसार जिले में रेत की खदान इन दिनों बंद है। अफसरों के अनुसार खदानों में पानी भरे होने के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है। जबकि कई रसूखदार डंप रेत को महंगे दाम पर बेच रहे है। रेत नही मिलने के चलते न सिर्फ निजी कार्य बल्कि करोडों रूपए की लागत से जिले में चल रहे निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहे है। खनिज अधिकारी दीपक मिश्रा ने बताया कि, खदानों में पानी भरे होने के कारण खदान शुरू नही की जा रही है। यही कारण हैं कि जिले में दर्जनभर से अधिक खदान होने के बाद भी आबंटन नही हो पाया है।

- रेत खदान में पानी भरा, दूसरे जिले से महंगे दाम पर सप्लाई

### विभाग ने पकडे तस्करी के वाहन

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर विभिन्न क्षेत्रों (उतई, सेलूद, मचांदुर, अण्डा, पाटन आदि) का भ्रमण व निरीक्षण किया गया। जिसमें विभिन्न वाहनों के माध्यम से खनिज चूनापत्थर के 03 हाईवा एवं खनिज रेत के 02 हाईवा कुल 05 वाहनों की जांच की गयी। जिसमें ड्राइवरों द्वारा परिवहन संबंधी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर उक्त वाहनों को मौके पर ही जब्ती की कार्यवाही करते हुए थाना उतई एवं मचांदुर के अभिरक्षा में रखवाया गया है।

## ठेठवार महिला प्रकोष्ठ ने किया कौशल्या मंदिर भ्रमण



**भिलाई।** पौष मास की एकादशी को छत्तीसगढ़ राज ठेठवार यादव समाज की महिला प्रकोष्ठ भिलाई नगर ने अयोध्या में रामलला मूर्ति स्थापना पखवाड़े के अंतर्गत आध्यात्मिक माहौल में धार्मिक स्थल भ्रमण का किया। जिसमें भगवान श्री राम की माता कौशल्या मंदिर पहुंचकर विधि विधान से पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्जवलित कर हनुमान चालीसा एवं भगवान श्री राम भजन गाकर राममयी भक्तिमय वातावरण का आनंद लिया। वहीं पुजारी ने बताया कि यह मंदिर आठवीं शताब्दी में सोमवंशी राजाओं द्वारा निर्मित विश्व का एकमात्र मंदिर है जिसमें माता कौशल्या की गोद में बाल रूप में रामलला विराजमान है। उक्त कार्यक्रम में संरक्षक वसुंधरा यदु, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सरोज यदु, महासचिव मंजू यादव, उपाध्यक्ष माया यदु, सचिव योगेश्वरी यादव, प्रचार मंत्री किरण यादव, सलाहकार सरस्वती यादव एवं संगीता यादव सदस्य सरिता यादव, अनीता यदु, सुषमा भीखम यादव एवं कुसुम यादव सम्मिलित थे।

### सम्प्रति सेवा समिति के तत्वावधान में भागवत सप्ताह का आयोजन

# प्रभु की भक्ति के लिए विश्वास, संबंध और समर्पण जरूरी: आचार्य संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भागवत में लिखा है कि ध्रुव ने नारायण के दर्शन नहीं किया अपितु नारायण ने ध्रुव के दर्शन किए। क्योंकि भक्त ध्रुव के पास नारायण के प्रति विश्वास, संबंध व समर्पण के भाव थे। इसलिए सनातन धर्म में जब विवाह होता है तो ध्रुव तारा दिखाया जाता है क्योंकि वह सत्य और अटल का प्रतीक माना जाता है। भक्ति के संबध में यह बातें आचार्य पं संदीप तिवारी ने कही। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के तीसरे दिन देवहूति व कपिल कथा का विस्तार, ध्रुव चरित्र, सती चरित्र, ऋषभदेव जड़ चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार व अजामिल कथा के प्रसंगों का विस्तार से व्याख्या आचार्य संदीप तिवारी द्वारा किया गया। भागवत कथा का आयोजन शाम 2 से 5 बजे तक श्रीरामभद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 में सर्वजन कल्याणार्थ के उद्देश्य से किया जा रहा है। आचार्य ने कथा के दौरान बताया कि भगवान विष्णु भक्त ध्रुव ने भगवान नारायण की ऐसी भक्ति की, जिसे देखकर स्वयं नारायण को भक्त ध्रुव के दर्शन करने आना पड़ा। उसी प्रकार अजामिल कि भी भक्ति से भगवान प्रसन्न हुये। भक्त प्रहलाद ने भी भगवान को अपने भक्ति से प्रसन्न किया। आचार्य ने वामन अवतार, समुद्र मंथन सहित अनेक उदाहरण से कथा का विस्तार पूर्वक व्याख्या किया।

### आत्मा को बंधन में रख सकते है मन को नही



माता देवहूति ने पुत्र कपिल से पूछा कि बंधन मन का होता है या आत्मा का। तब कपिल ने कहा कि आत्मा का बंधन नही होता और मन का बंधन अवश्य होता है जिसका सरल तरीका है गोविंद का कीर्तन करों, कथा को सुने। मानव की पांच ज्ञानेन्द्रिया व पांच कर्मेन्द्रियां अपनी अपनी ओर खीचती है इसलिए आंखो से देखना हो तो हिरो-हिरोईन या फिल्मों के नही ईश्वर के अनेक रुपों को देखो, कानों से अच्छे भजनों को सुनों और जीभ से अच्छे पदार्थो का सेवन करों। जीभ को यदि रसगुल्ला पसंद हो तो उसे प्रसाद के रुप में ग्रहण करों। प्रसाद यानी प्र से प्रभु, स से सरल या साक्षात व द से दर्शन, प्रसाद का अर्थ ही प्रभु के साक्षात रुप में दर्शन करना होता है।

### ध्रुव की भक्ति से हुए थे नारायण दर्शन

कथा ध्रुव चरित्र कथा में बताया कि ध्रुव की दो सुनीति व सुरुचि थी। माता के कहने पर मात्र 6 साल के ध्रुव नारायण प्राप्ति करने जंगल तपस्या करने निकल पड़े। जहां नारद ने कहा कि तुम इतने छोटे से हो और तुम अपनी मां के बिना नहीं रह सकते जो तुम्हें खाना खिलाती है तो तुम्हें जंगल में क्या मिलेगा। तब सुनीति पुत्र ध्रुव ने कहा कि जब मेरे दांत नहीं थे तब भगवान ने मुझे मां का दूध दिया और जब दांत दिए तब भोजन की व्यवस्था की। तो में जब जंगल जाऊंगा तब मेरे गोविंद जरूर मेरा ध्यान रखेंगे। छोटे से बालक की नारायण के प्रति आस्था देखकर नारद प्रसन्न।

### प्रभु की भक्ति के लिए समर्पण जरूरी

भक्ति के लिए तीन बातें होना जरूरी है विश्वास, संबंध और समर्पण। जिससे हमारा जीवन कृतार्थ हो जाएगा। कथावाचक ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे बंदर का बच्चा छलांग लगाते समय अपनी मां को जितने विश्वास से पकड़कर रखता है ठीक वैसा ही विश्वास हमें प्रभु पर होना चाहिए। संबंध बिल्ली के बच्चे जैसा। एक बिल्ली अपने दांतों से चूहा पकड़ती है और उसी दांत से अपने बच्चों को पकड़ कर एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाती हैं यह कार्य दर्शाता है कि संबंध जैसा होगा, वैसी ही आपकी भक्ति होगी। समर्पण किसान के जैसा। जिस प्रकार किसान गेहूं बोने के लिए पूरे खेत में अनगिनत बीज फेंकता है और उसे विश्वास होता है कि आने वाले समय में इसी खेत से उसे अच्छी फसल मिलेगी।

न्यायालय नायब तहसीलदार जामगांव (आर) के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202401101700008/

मामले की श्रेणी :- राजस्व

विषय: अ-27 सन:-2023-2024
निपानी प.ह. न. 00044 [(हे0)]
पक्षकार का विवरण - आवेदक पक्षकार देवकी रघुवंशी, कु. टिवंकल रघुवंशी, अनावेदक पक्षकार देवकी, प्रखर रघुवंशी रोशन रघुवंशी टिवंकल रघुवंशी नाबा,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम कुर्मीगुंडर प.ह. नं. 44 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक देवकी रघुवंशी बेवा स्व लेमन सिंह रघुवंशी अन्य 01 निवासी ग्राम निपानी द्वारा ग्राम निपानी प.ह.नं. 44 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदक एवं अनावेदक प्रखर रघुवंशी, रोशन रघुवंशी के नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 589, रकबा 0.39 है का दो हिस्सों में खाता बंटवारा किये जाने हेतु बी-1 खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।
अक उपरोक्तानुसार खाता बंटवारा की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपति प्रकरण सुनवाई तिथि 07-02-2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/01/2024 को जारी किया जाता है।

MANOJ KUMAR RASTOGI
नायब तहसीलदार जामगांव आर
तहसील - पाटन

आम सूचना

क्र.न.से.वि./संपदा/लीज/2024/401(2)
Dated : 06.01.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि SHRI N.M. PILLAI भिलाई इस्पात संयंत्र के भूखण्ड में निर्मित आवास क्रमांक 013C, सड़क नं. 029, SECTOR-07 (Type-0B3), भिलाई के आबंटन आदेश क्रमांक-DGM(TA)SELHS/BSP/2001/349 Dated 05.03.2002 के अनुसार लीजधारक है।
लीजधारक SHRI N.M. PILLAI के देहान्त उपरान्त उनकी पुत्री NALINI PILLAI ने लीज में आबंटित आवास क्रमांक 013C, सड़क नं. 029, SECTOR-07 (Type-0B3), भिलाई का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु कार्यालय में आवेदन किया है।
उक्त लीज आवास क्रमांक 013C, सड़क नं. 029, SECTOR-07 (Type-0B3), भिलाई के ढांचा संबंधी हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, व्यक्तियों, शासकीय/अर्ध शासकीय कार्यालय, बैंकों, या वित्तीय संस्थाओं आदि को इस बाबत् कोई आपत्ति, दावा, बंधक पत्र, देनदारी उजर हो, तो इस आम-सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति/दावा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते है। सनद रहे कि उपरोक्त म्याद/अवधि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की अगली कार्यवाही जारी रहेगी।
मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

प्रबंधक (आवास लीज)
नगर सेवायें विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र

## खबर संक्षेप



### मरोदा में शुरू हुई लोकवाद्य कार्यशाला

**भिलाई।** संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से दस दिवसीय लोकवाद्य कार्यशाला का आयोजन 5 जनवरी से 14 जनवरी तक कुहुकी कला ग्राम संग्रहालय परिसर मरोदा सेक्टर में किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्घाटन 5 जनवरी की शाम एक गरिमामय समारोह में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि रिसाली नगर पालिका निगम के सभापति केशव बंछोर, विशिष्ट अतिथि जितेंद्र साहू महासचिव कांग्रेस कमेटी और हेमंत बंजारे सहित अन्य विशिष्ट जन मौजूद थे। यह जानकारी कार्यशाला के संयोजक व प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने दी।

### नंदकुमार बघेल को श्रद्धांजलि : लोसपा

**भिलाई।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी छग ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल के निधन पर श्रद्धांजलि प्रकट करते हुए उनके परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दुख प्रकट किया गया और कहा कि ये हमारे पुराने साथी है। उन्होनें शोषित व वंचितों के लिए संघर्ष किया। वे निष्ठावान समाजवादी साथी रहे है। इस अवसर पर साथी रघु ठाकुर राष्ट्रीय संरक्षक प्रदेश अध्यक्ष अशोक पंडा, श्याम मनोहर सिंह, बंशीश्रीमाली, जावेद उस्मानी, एम चन्द्रशेखर रेड्डी आदि साथीगण ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राजनीतिज्ञों का रिटायरमेंट नहीं होताः कुरैशी

**भिलाई।** छग राज्य के पूर्व मंत्री बीडी कुरैशी ने कहा है कि देश के संविधान और राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग में निर्वाचित प्रतिनिधि के मिनीमम उम्र का निर्धारण अवश्य है लेकिन इस बात का उल्लेख नहीं है कि व्यक्ति अंतिम कितनी उम्र तक जनप्रतिनिधि रह सकता है।

# प्रतिभा को निखारने वार्षिकोत्सव से बेहतर कोई दूसरा मंच नहींः सेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### विविध के नाम से छात्र-छात्राओं ने दी प्रस्तुति, फैंसी ड्रेस स्पर्धा में बच्चों ने लिया बढ़चढ़कर हिस्सा



कृष्णा हायर सेकंडरी स्कूल राम नगर भिलाई का वार्षिकोत्सव नेहरू कल्चरल हाउस सेक्टर 1 में मनाया गया। इस 25 वें वार्षिक उत्सव में कला और संस्कृति झलक रहा था। समारोह के मुख्य अतिथि के वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन मौजूद थे। उन्होंने कहा कि छात्र -छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने वार्षिकोत्सव से बेहतर कोई दूसरा मंच नहीं हो सकता। कृष्णा हायर सेकंडरी स्कूल राम नगर का वार्षिकोत्सव 'विविध' धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नर्सरी से लेकर कक्षा 12 वीं तक के छात्र -छात्राओं ने अपनी कला और प्रतिभा का ऐसा नजारा पेश किया कि दर्शक दीर्घा में उपस्थित उनके पालकों का गौरवान्वित उत्साह देखते बना। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य और भगवान गणेश की स्तुति से हुआ। स्कूली छात्र-छात्राओं ने बॉलीवुड डांस, गोविंदा रिमिक्स, गुजराती लोक नृत्य, फैंसी ड्रेस, छत्तीसगढ़ी नृत्य, शिव तांडव, भांगड़ा नृत्य बंगाली नृत्य समेत क्लासिकल डांस भी किया। स्कूल प्रबंधन ने अनुकरणीय मिसाल पेश करते हुए कार्यक्रम में पालकों के बीच उपस्थित बच्चों के दादी और नानियों को मंच पर आमंत्रित कर दीप प्रज्ज्वलित कराया। अतिथि विधायक रिकेश सेन ने न्यूनतम शुल्क के साथ बेहतर शैक्षणिक परिवेश और उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए कृष्णा हायर सेकंडरी स्कूल प्रबंधन की भूरि भूरि प्रशंसा की। श्री सेन ने स्कूल के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। स्कूल की डायरेक्टर जसलीन कौर बुट्टर और प्रिंसिपल रणजीत कौर समेत शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थी।

### भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्थान भिलाई शाखा के सम्मेलन में शामिल हुए वित्तमंत्री

# देश के समुचित विकास के लिए वहां की राजनीतिक स्थिरता होना जरूरीः चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/दुर्ग

दुर्ग जिले के सिविक सेंटर भिलाई स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में गुरुवार को आयोजित भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेट संस्थान भिलाई शाखा के सम्मलेन में प्रदेश के वित्त, वाणिज्यिककर, आवास, पर्यावरण, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी मंत्री ओपी चौधरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि चौधरी ने कहा कि किसी भी देश के समुचित विकास के लिए वहां की राजनीतिक स्थिरता होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रजातांत्रिक प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए योग्य, शिक्षित एवं बुद्धिजीवी वर्ग को राजनीति में आना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करने में वहां पर दुनिया के डिमांड के अनुसार काम होना चाहिए। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करने धरातल स्तर से कार्ययोजना तैयार कर देश को आगे ले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के विजन को पूरा करने देश के सभी वर्ग के व्यक्तियों का सहयोग जरूरी है। वाणिज्यिककर मंत्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करने हमें सिस्टम के साथ चलना होगा। उन्होंने सभी व्यापारियों बंधुओं और चार्टर्ड एकाउंटेंट को छत्तीसगढ़ के विकास में सहयोग हेतु आगे आने का आह्वान किया है। चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी, चार्टर्ड एकाउंटेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी, व्यापारी आदि शामिल हुए।

### छत्तीसगढ़ के विकास में बिजनेसमैन और सीए से किया सहयोग का आह्वान





### भिलाई सीए ब्रांच द्वारा बिजनेस कॉनक्लेव 2030 का हुआ आयोजन

**भिलाई।** सीए ब्रांच भिलाई द्वारा कला मंदिर सिविक सेंटर में एक दिवसीय बिजनेस मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री, आईएएस ओपी चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी उपस्थित रहे। भिलाई ब्रांच एवं सिकासा भिलाई तथा बिलासपुर ब्रांच व सिकासा बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से सीईओ, सीएफओ एवं व्यापारी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि लॉन्ग टर्म विजन के साथ भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र कैसे बने। भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी जर्नी को कैसे पूरा करे, इस तरह के बड़े रोड मैप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। इस जर्नी में छत्तीसगढ़ बेहतर कंट्रीब्यूशन कैसे दे सकता है, जहां आज 5 लाख करोड़ की जीडीपी है उसे 10 लाख करोड़ की जीडीपी कैसे पहुंचाना है, इस दिशा में अत्यधिक सुधार एवं बड़ी मेहनत की जरूरत है। छत्तीसगढ़ को 5 लाख करोड़ की जीडीपी से 10 लाख करोड़ की जीडीपी कैसे पहुंचाएं इस पर पूरे सीए समुदाय, एंटरप्रिन्योर समुदाय एवं व्यापारियों का सहयोग अपेक्षित है। सीए सदस्य एवं व्यापारीगण मिलकर किस तरह अर्थव्यवस्था की ग्रोथ में अपना योगदान दें हमें तय करना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि चेम्बर के माध्यम से हमारा पूरा प्रयास है कि हम देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में सीए मनीष डाफरिया, इंदौर, सीए विशाल पोद्दार मुंबई एवं सीए बिवोर कुमार रायपुर मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिन्होंने व्यापार में प्रगति एवं व्यापार के दौरान आने वाले समस्याओं के समाधान के संबंध में आवश्यक जानकारियां दी। कार्यक्रम में ब्रांच चेयरमेन सीए पायल नवीन जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न संस्थानों के सीईओ, सीएफओ एवं व्यापारियों की बिजनेस मीट था। जहां सीए और व्यापारी एक साथ मिलकर देश की अर्थव्यवस्था की उन्नति में किस प्रकार अपना योगदान दे सकें, इस पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में सेंट्रल काउंसिल मेंबर सीए दुर्गेश काबरा, सीए अभय छाजेड़, सीए अनुज गोयल उपस्थित थे। कार्यक्रम में संयोजक सीए लेखवानी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में भिलाई ब्रांच वाइस चेयरमेन सीए राहुल बत्रा, सेक्रेटरी सीए अंकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष सीए सूरज सोनी, सिकासा चेयरमेन सीए शिव चौधरी, पूर्व चेयरमेन सीए प्रदीप पाल, बिलासपुर ब्रांच चेयरमेन सीए संजय कुमार मिश्रा, सीए रजत अग्रवाल, सीए पंकज जजोड़िया, सीए आभास अग्रवाल, सीए उदित सोनी, सीए अंशुमन जजोड़िया सहित ब्रांच के पूर्व चेयरमेन सीए पदम बरड़िया, सीए संजीव अग्रवाल, सीए जेएल जैन, सीए एनके टांक, सीए नवीन जैन एवं बड़ी संख्या में सीए सदस्य व व्यापारी उपस्थित थे।

### ठंडी और शुष्क हवाओं का हो रहा आगमन

# तापमान अचानक पांच डिग्री सेल्सियस बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ ट्विनसिटी में अचानक ठंड हुई कम

गुरुवार को मौसम में अचानक बदलाव आया। सुबह से ही आसमान पर बदली छा गई। जिसकी वजह से पूरे दिन ठंड के बजाय लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा। मौसम में एकाएक आए इस बदलाव से ट्विनसिटी वासियों को यह लगने लगा कि अब ठंड आगे नहीं पड़ेगी। लेकिन ऐसा नहीं है। मौसम विभाग ने गुरुवार से ही ठंडी और शुष्क हवाओं के आगमन की संभावना जताई थी। इसलिए पूरे दिन धूप-छांव की स्थिति बनी रही।

### दो दिनों में 9 डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा पारा

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग जिले में गुरुवार अधिकतम तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 18.5 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान यानी दोनों सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। जिसकी वजह से पूरे दिन गर्मी लगने लगी। शाम को भी ठंड का एहसास कम हुआ। आने वाले दो दिनों में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। उसके बाद ठंड भी फिर से लौट आएगी।

### अगले दो दिनों तक होता रहेगा उतार-चढ़ाव

मौसम विभाग के मुताबिक 11 जनवरी से उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आगमन की शुरुआत हो गई है। जिसके कारण न्यूनतम तापमान में अगले तीन दिनों में 3 से 5 डिग्री तक गिरावट होने की संभावना बन रही है। तथा अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट संभावित है। मौजूदा हालात से यह तय हो गया है कि पिछले सप्ताहभर से लग रही ठंड अब फिर से लौटने के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

### सेहत का रखें ध्यान

मौसम में व्यापक बदलाव का सेहत पर भी असर पड़ सकता है। डॉक्टरों के मुताबिक लोगों को अचानक गर्मी और ठंडी की वजह से सर्दी, खांसी और बुखार होने के खतरे हैं। इसलिए लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है। विंटर डायरिया की स्थिति भी बन सकती है। खासकर छोटे बच्चों को इस मौसम में ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत है। बड़ों को अपने खानपान का पूरा ध्यान रखना होगा।

### श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-4 में उत्कल उत्सव स्पोर्ट्स की धूम

# 300 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-4 में जगन्नाथ समिति द्वारा प्रतिवर्ष उत्कल उत्सव के तहत विभिन्न वर्गों के लिए मनोरंजक तथा रोचक खेलकूद का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-4 के प्रांगण में उत्कल उत्सव स्पोर्ट्स-2024 का आयोजन किया गया। जिसमें महिला, पुरूष, बच्चे एवं युवाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन में लगभग 300 लोगों ने अपनी प्रतिभागिता दी।

### खेलकूद के 16 आयोजन

खेलकूद आयोजन के प्रभारी त्रिनाथ साहू ने बताया कि उत्कल उत्सव स्पोर्ट्स-2024 के तहत कुल 16 स्पोर्ट्स कराये गये। जिसमें 40 मीटर बैक रन, बच्चों के लिए 40 मीटर दौड़, जलेबी दौड़, गोली-चम्मच दौड़, महिलाओं और पुरूषों के लिए 50 मीटर वॉक, म्यूजिकल चेयर, मटकी फोड़, परिवार के लिए बकेट एंड बॉल थ्रो, शार्टपुट थ्रो, महिलाओं के लिए हैंडबाल थ्रो तथा सभी वर्गों के लिए म्यूजिकल आउट गेम का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस आयोजन में फर्स्ट एड आदि की भी व्यवस्था की गई थी।

### अतिथियों ने भी उठाया लुत्फ

कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि बीएसपी के जेएलएन अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के पूर्व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन्त मिश्रा एवं डॉ. सीमा मिश्रा सहित समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र सतपथी एवं महासचिव सत्यवान नायक उपस्थित थे। डॉ. सुमन्त मिश्रा एवं डॉ. सीमा मिश्रा ने उत्कल उत्सव स्पोर्ट्स-2024 के अंतिम आयोजन म्यूजिकल आउट गेम में अपनी उपस्थिति दर्ज कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

### कुल 51 विजेता पुरस्कृत-

आमंत्रित अतिथियों डॉ. सुमन्त मिश्रा एवं डॉ. सीमा मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रत्येक आयोजन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के तहत खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉंज मेडल प्रदान करने के साथ ही प्रत्येक विजेता खिलाड़ियों को उपहार भी दिए गए। सभी वालेन्टियर्स को कैप देकर सम्मानित किया गया।

**इन्होंने दिया योगदानः** इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र सतपथी तथा महासचिव सत्यवान नायक सहित त्रिनाथ साहू, भीम स्वाइंर, बसंत प्रधान, बीसी बिस्वाल, वृंदावन स्वाइंर्, रंजन महापात्र, अनाम नाहक, प्रकाश दास, सीमांचल बेहरा, रवि स्वाईं, प्रकाश स्वाईं, सुभाष पात्रे, जगन्नाथ पटनायक, कालू बेहरा, संतोष दलाई, शत्रुघन डाकुआ आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र का भ्रमण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) विभाग के कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र के कार्यक्षेत्रों व कार्यप्रणाली से रूबरू कराने के उद्देश्य से 'आप भी जानिये' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग के 17 कार्मिकों की पत्नियां शामिल हुई थीं। कार्यक्रम महाप्रबंधक एबी श्रीनिवास की अध्यक्षता में हुआ। सीजीएम संदीप माथुर, महाप्रबंधक शीजा पी मैथ्यू तथा जीएम विभागीय सुरक्षा अधिकारी पुष्पा एम्ब्रोस उपस्थित थी। पत्नियों को संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 (महामाया), एसएमएस-3 एवं यूनिवर्सल रेल मिल का भ्रमण करवाया गया। फिर एबी श्रीनिवास ने, मानव संसाधन विकास केन्द्र के सभागार में कार्मिकों की पत्नियों के अनुभवों को सुना।

### नंदिनी में लोक कला महोत्सव में लोकरंगी प्रस्तुति




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग एवं नंदिनी माइंस के तत्वाधान में नंदिनी माइंस में लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ईडी पवन कुमार व कअध्यक्षता ईडी बिपिन कुमार गिरी ने की। मुख्य अतिथि ने आंचलिक प्रतिभाओं को मंच देने के इस आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में राउत नाचा महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त राउत नाचा मंडली औरतेलगा के अखाड़ा दल ने प्रदर्शन किया। कलाकार दिलीप षड़ंगी के समूह द्वारा लोकरंगी प्रस्तुति दी गई।इस अवसर पर जीएम कैलाश मल्होत्र,एस के सोनी,पी एक्का, डीजीएम एस के नायक आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन र रजनी रजक व शिवराजन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एफएसएनएल की राजभाषा संगोष्ठी में विजेता हुए पुरस्कृत



**भिलाई।** एफएसएनएल के आडिटोरियम में हिदी दिवस पर राजभाषा विभाग द्वारा तकनीकी गोष्ठी हुई। डीजीएम प्रभाकर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता और जीएम पारमिता मोहंती, महाप्रबधक मुख्यअतिथि थे। सुब्रत मुखर्जी एजीएम विशेष अथिथि थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारतीय संस्कृति की विशेषता यह है कि वर्षों बाद भी यह संस्कृति आज भी अपने मूल स्वरूप में जीवित हैं। भारतीय संस्कृति की सहिष्णु प्रकृति ने उसे दीर्घ आयु और स्थायित्व प्रदान किया है। विशेष अतिथि सुब्रत मुखर्जी ने अपने भाषण में कहा कि–अनेकता में एकता भारत की विशेषता है, यहॉं अनेक धर्म, रीति रिवाज और संस्कृति के लोग रहते हैं, उसके बाद भी यहॉं एकता है, हिंदी द्वारा सारे भारत को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है। नृत्यधाम के कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर चित्र देखो हिंदी कविता/कहानी लिखो प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृति किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी ने किया ।




### 250 से अधिक बच्चो को किया जागरूक

# स्कूल के बच्चों ने जाना ट्रैफिक नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



स्वामी आत्मानंद स्कूल धमधा में बच्चों को सायबर फ्रॉड और ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरुक किया गया। धमधा प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि स्कूल में बच्चों के लिए जागरुकता क्लास लगाई गई।

जिसमें बच्चों, प्रिंसिपल, शिक्षकगण व स्टाफ मौजूद थे। जहां उनकी समस्याएं ,शिकायतों को भी जानकारी ली गई। बच्चों को गुड टच बैड टच उनके मदद के लिए जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 1098 की भी जानकारी दी गई। कानून के बारे में जानने की जिज्ञासा प्रकट करने वाले लोगों को भी साइबर सुरक्षा,घरेलू हिंसा अधिनियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम , महिला संबंधी कानून से अवगत कराया गया। ट्रैफिक नियमों का पालन करना, डायल 112, नौकरी ,जमीन संबंधी ठगी, केवाईसी, बैंकिंग ठगी के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्रिंसिपल श्रीमती अनिता जोसेफ, स्टाफ शाशवत पांडे, कुमार विश्वकर्मा, भावना साहू व थाना स्टाफ मौजूद था।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## डीपीएस दुर्ग के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मोहक प्रस्तुति...









भिलाई। देहली पब्लिक स्कूल दुर्ग( डीपीएस) का वार्षिकोत्सव समारोह स्कूल के आडिटोरियम में हर्षोल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्यअतिथि छत्तीसगढ़ के वित्त एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी और हरियाणा के पूर्व राजस्व व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु थे। वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन,दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव और मेंबर आफ डीपीएस एचएस बत्रा और हरिभूमि तथा आईएनएच के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर प्रिंसिपल यशपाल शर्मा भी उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव में स्कूल के प्रतिभावान छात्र छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों ने प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

## खबर संक्षेप



### अंतिका की नृत्य में हेट्रिक

**भिलाई** । शहर की प्रतिभावान नन्ही नृत्य कलाकार अंतिका आर को नृत्य प्रतियोगिता में तीन पुरस्कार मिले हैं। उन्हें रायपुर में हुई अखिल भारतीय शास्त्रीय नृत्य स्पर्धा में क्लासिकल एकल नृत्य में नृत्य प्रभा सम्मान से सम्मानित किया गया। शिव शक्ति डांस एकाडमी भिलाई की अंतिका को संस्कृति मंत्रालय की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता आइडा, देशराग व जैन कला केंद्र द्वारा नादोत्सव व बीएसपी की खुली संगीत प्रतियोगिता में भी सम्मानित किया गया। वे डीपीएस रिसाली में पढ़ती हैं।

### बीएसपी में सुरक्षा सप्ताह, विजेता हुए पुरस्कृत



**भिलाई**। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में सुरक्षा जागरूकता माह के तहत संयंत्र के अनुसन्धान एवं नियंत्रण प्रयोगशाला विभाग में विभागीय सुरक्षा सप्ताह के तहत संगीत प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सप्ताह का ईडी अजंनी कुमार ने उदघाटन किया था। आयोजन समिति के सदस्य महाप्रबंधक आवेश सहारे, विभागीय सहायक महाप्रबंधक श्री दिवाकर सिरमौर, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश चौधरी, प्रबंधक ऋचा अवस्थी उपस्थित थे। संगीत प्रतियोगिता में रिखी राम साहू ने प्रथम,सुरेश कुमार द्वितीय और आयशा ने तृतीय स्थान हासिल किया। क्विज में अक्षय कुमार, अभय बेहरा प्रीती रावत ने क्रमशरू प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग**। कलेक्टर के निर्देशानुसार सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत वेब पोर्टल में स्वपंजीयन एवं क्रियान्वयन हेतु उत्तम कुमार ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर को जिला दुर्ग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### यूनियनें सजगता के साथ हड़ताल के साथ बैठक की भी कर रहीं तैयारी

# अधूरे वेतन समझौता को लेकर असरकारी हुआ यूनियनों का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


सेल कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर यूनियनों की एकजुटता का असर अब दिखने लगा है। भिलाई इस्पात संयंत्र में दो दिनी हड़ताल की पुरजोर तैयारी के चलते उच्च प्रबंधन ने लंबित वेतन समझौता पर चर्चा करने बहुप्रतीक्षित फुल एनजेसीएस की बैठक आयोजन के लिए कवायद शुरु कर दी है। इसे श्रमिक संगठन कर्मियों के हितों में अपनी रणनीतिक जीत के रुप में देख रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अपूर्ण वेतन समझौता को जल्द पूर्ण करने सहित अन्य मांगों को लेकर सेल प्रबंधन की उदासीनता से आक्रोशित संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने 29 और 30 जनवरी को हड़ताल का निर्णय लिया है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए यूनियनें पिछले महीनेभर के दौरान कई बार बीएसपी के गेट पर प्रदर्शन कर चुके हैं और संयंत्र के अंदर भी कर्मचारियों से संपर्क कर शामिल होने की अपील कर रहे हैं। दस जनवरी को संयुक्त यूनियन की हुई बैठक में दो दिनी हड़ताल को लेकर बीएसपी प्रबंधन को नोटिस देने का निर्णय लिया है। इसके पूर्व सेक्टर एक चौक पर प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान दिल्ली में उच्च प्रबंधन द्वारा अचानक सेल कर्मचारियों की लंबित मांगों पर चर्चा करने 20 जनवरी को दिल्ली में फुल एनजेसीएस बैठक बुलाने की तैयारी शुरु कर दी है। संयुक्त यूनियन इसे हड़ताल को लेकर अपने दबाव और कर्मियों के बढ़ते असंतोष का असर मान रही है। इस दौरान एनजेसीएस यूनियनों ने हड़ताल की तैयारी तेज करने के साथ बैठक के एजेंडा और भाग लेने की भी रणनीति बनाना तेज कर दिया है। यूनियनें पिछले लंबे समय से फुल एनजेसीएस बैठक बुलाने की मांग कर रही थीं लेकन प्रबंधन अनसुना किए हुए था। यूनियनो का कहना है कि प्रबंधन हड़ताल के दबाव के कारण ही सरेंडर हो रहा है। लेकिन अब एकजुट यूनियनें किसी भी तरह के झांसे से बचते हुए हड़ताल के साथ बैठक के सकारात्मक परिणाम के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंटक महासचिव वीबी सिंह व एटक महासचिव विनोद कुमार सोनी ने बताया कि हड़ताल की तैयारी चल रह है और 12 जनवरी को प्रबंधन को नोटिस दिया जाएगा।

**खास बातें**

- ऐन दो दिनी हड़ताल की तैयारी के बीच 20 जनवरी को एनजेसीएस बैठक बुलाने प्रबंधन की कवायद
- पे रिवीजन अपूर्ण होने सहित लंबित है 39 महीने का एरियर्स, नाईट शिफ्ट एलाउंस, एचआरए

### 39 महीने लंबित है एरियर्स, कर्मचारियों में बढ़ रहा असंतोष



### एकतरफा अल्प बोनस का विरोध

बीएसपी सहित सेल के हजारों कर्मचारियों में प्रबंधन द्वारा एकतरफा बोनस भुगतान किए जाने से भी असंतोष है। दिवाली पर दिल्ली में हुई दो एनजेसीएस बैठक में एनजेसीएस यूनियनों ने एकजुटता से 40 हजार बोनस के लिए दबाव बनाया था। लेकिन प्रबंधन ने बैठक बेनतीजा रहने के बाद भी एकतरफा निर्णय लेते हुए पूर्व तय बोनस फार्मूला के अनुरुप हवाला देते हुए दूसरे दिन मात्र 20 हजार बोनस राशि भुगतान कर दिया था। जबकि यूनियनें पिछले साल की तरह 40 हजार बोनस मांग रही थीं। प्रबंधन के निर्णय से नाखुश एनजेसीएस यूनियनें इस एकतरफा बोनस विसंगति को भी दूर करने की मांग कर रही हैं।

### अपूर्ण है वेतन समझौता

सेल कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों में निराशा और असंतोष बढ़ रहा है। इसकी वजह 2017 से सेल कर्मचारियों को वेतन समझौता लंबित है। पिछली एनजेसीएस बैठक में हुए एमओयू में अपूर्ण वेतन समझौता हुआ था। यूनियनों के मुताबिक प्रबंधन ने सर्वसम्मति की परंपरा से हटकर बहुमत से एमओयू करवा लिया था। समझौता में 5 एनजेसीएस यूनियनों में दो यूनियनों ने हस्ताक्षर नहीं किए थे। लेकिन इससे चौतरफा नुकसान के समझ आने पर सभी यूनियनें एकजुट होकर समझौता को पूर्ण करने फुल एनजेसीएस बुलाने की मांग से लेकर हड़ताल काल करने तक लगातार सेल प्रबंधन पर दबाव बनाए हुए हैं। यूनियनें जल्द वेतन समझौता पूर्ण करने के साथ 39 महीने के लंबित एरियर्स, नाइट शिफ्ट एलाउंस और एचआरए दिए जाने की मांग कर रही हैं।

### पुलिस का बड़ा अभियान

# 50 हजार के गांजा समेत युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- दुर्ग कोतवाली ने भी किया कार्रवाई

पुलिस ने नशे को लेकर बड़ा अभियान चला रखा है। जिसके तहत लगातार नशे का कारोबार करने वाले युवकों पर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है।

एक दिन पूर्व ही पुलिस ने गांजा बेचने वाले 8 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गुरुवार को फिर पुलिस ने नशेड़ियों पर शिकंजा कसा है। इस दौरान पुलिस ने पुलगांव, दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र से गांजा का कारोबार करने वालों को पकड़ा है।

आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर डी मार्ट के पास पोटिया दुर्ग में अवैध रूप से गांजा का परिवहन करने की जानकारी मिली थी। मौके पर पुलिस ने घेराबंदी कर कोणारी पुलगांव निवासी विक्रांत उर्फ विक्की चंद्राकर को गांजा समेत पकड़ा गया। युवक के पास से 4.769 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। विक्रांत एक्टिवा सीजी 07 एक्स 3565 में सवार होकर गांजा परिवहन कर रहा था। वाहन की कीमत 20 हजार और नगदी 12 हजार रुपए को जप्त किया है। नशे को लेकर पुलिस उप मुख्यमंत्री के हिदायत के बाद प्रदेश भर में नशे के खिलाफ बड़ा अभियान चल रहा है। इसी के तहत दुर्ग पुलिस भी एक के बाद एक कार्रवाई कर नशा का कोराबर करने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इस कार्रवाई में एसीसीयू प्रभारी नरेश पटेल, पुलगांव प्रभारी तापेश्वर सिंह नेताम समेत उनकी टीम का अहम योगदान रहा है।

### 3.50 किलो गांजा फिर पकड़ाया

दुर्ग कोतवाली टीआई महेश कुमार ध्रुव ने बताया कि अवैध रुप में गांजा की तस्करी कर रहे युवक को पकड़ा गया है। युवक का नाम वार्ड 2 राजीव नगर दुर्ग निवासी लोकेश्वर सिन्हा प्रसाद उर्फ सोनु सिन्हा को को घेराबंदी कर पकड़ा गया। युवक के पास से पुलिस ने 3.50 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत 30 हजार रुपए आंकी गई है। नशे के खिलाफ बड़ा अभियान चल रहा है। उसी के तहत पुलिस कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई में उनि खगेन्द्र पठारे, अनुप साहू, केशव दास समेत टीम शामिल था।

### नशे के खिलाफ बड़ा अभियान जारी

“ नशे के खिलाफ पुलिस का बड़ा अभियान जारी है। नशे का कारोबार करने वालों पर पुलिस शिकंजा कस रही है। जिले में किसी भी प्रकार का नशा का धंधा करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगा। इस तरह का कोई भी कारोबार करता है। इसकी सूचना पुलिस को जरुर दे।

**-अभिषेक झा**
एएसपी

# विजेता हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई






- बीएसपी के वित्त एवं लेखा विभाग में हिंदी कार्यशाला

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी कार्यशाला का आयोजन लेखा सभागार में किया गया था। मुख्यअतिथि कार्यपालक निदेशक डां. अशोक कुमार व विशेष अतिथि सीजीएम देवेंद्रनाथ करन थे। सहायक महाप्रबंधक श्री विष्णु कांत साहू, सहायक महाप्रबंधक श्री अरुण कुमार बंसल, वरिष्ठ प्रबंधक आनंद कुमार तिवारी भी उपस्थित थे। हिंदी समन्वय अधिकारी स्मिता जैन ने, प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्यअतिथि ने कहा कि हमें हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने को प्रेरित करता है। जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने, राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी। ऑनलाइन गूगल वॉइस टाइपिंग एवं ऑनलाइन नोटशीट प्रणाली 'सैप' में हिंदी में नोटशीट बनाने का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार-वरिष्ठ स्कंध सत्यापक उज्जवल प्रसन्नो, द्वितीय सहायक प्रबंधक बी उषा वल्ली, तृतीय पुरस्कार- उप प्रबंधक सुश्री नेहा रानी को मिला।

# फिनिशिंग मिलों ने रचा कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- बीएफ और एसएमएस का भी सर्वश्रेष्ठ रिकार्ड

सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाइयां, स्टील मेल्टिंग शाप 3 ब्लास्ट फर्नेस–8, सिंटर प्लांट–3, बार एंड रड मिल तथा यूनिवर्सल रेल मिल सहित संयंत्र की पुरानी मिलों, प्लेट मिल और रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से दिसम्बर अवधि के दौरान उत्पादन के पिछले रिकार्ड को पार कर नया रिकॉर्ड दर्ज किया है।

ब्लास्ट फर्नेस–8 ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ 1.98 मिलियन टन उत्पादन दर्ज कर, वर्ष 2021–22 की इसी अवधि में दर्ज 1.90 मिलियन टन उत्पादन को पार किया। संयंत्र की अन्य मॉडेक्स इकाई स्टील मेल्टिंग शाप 3 ने अप्रैल से दिसम्बर 2023 अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 2.51 मिलियन टन कास्ट स्टील उत्पादन दर्ज कर, वर्ष 2022–23 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 2.18 मिलियन टन को पार किया। एसएमएस–3 ने वर्ष 2022–23 की इसी अवधि में दर्ज 1.36 मिलियन टन कास्ट बिलेट उत्पादन किया। एसएमएस–3 ने कास्ट स्टील उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 28.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। प्लेट मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष 2023–24 की अप्रैल से दिसंबर की अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 9,69,278 टन फिनिष्ड प्लेट उत्पादन दर्ज करते हुए, वित्त वर्ष 2007–08 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 9,67,985 टन को पार किया। मिल ने अप्रैल से दिसंबर की अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 2,23,241 टन हाई टेंसाइल प्लेट उत्पादन भी दर्ज किया, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में दर्ज 1,75,906 टन कहीं अधिक है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर वार्ड-9 जामुल में



**भिलाई**। सोमवार को केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन वार्ड 9 रावण भाटा महात्मा गांधी वार्ड जामुल में किया गया। इस शिविर के उद्घाटन सत्र पर अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य व अध्यक्षता नपा जामुल अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, विशिष्ठ अतिथि अध्यक्ष नपा अहिवारा नटवर लाल ताम्रकार, जामुल भाजपा मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, यशवंत ठाकुर एवं पार्षद कविता विश्वाल, खम्मन ठाकुर ,दीपक गुप्ता, सीमा यादव ,के. राजू, रामदुलार साहू, चुम्मन वर्मा, अहिल्या वर्मा एवं भाजपा नेता हेमंत देवांगन, सतीश साहू मनीष साहू , लवली सिंह, बाली बर्मन आदि में संपन्न हुआ। नपा अधिकारी ओपी बंजारे व जामुल के अधिकारी -कर्मचारियों ने किया।कोर्सेवाड़ा ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से नगर के लोगों का समस्याओं का निराकरण कर विकसित भारत के लक्ष्यों को बढ़ाना है। कार्यक्रम के अध्यक्ष ने संकल्प पत्र को पढ़कर सभी लोगों को संकल्पित किया।

### रामभक्तों के साथ घर-घर जाकर विधायक ललित ने दिया पत्रक व अक्षत

# रिसाली में बांटे श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा आमंत्रण पत्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने गुरुवार को रिसाली के मैत्री नगर में रामभक्तों के साथ घर घर जाकर श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण पत्रक व अक्षत बांटा। इस दौरान लोगों से श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अपने घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने की अपील की। विधायक ललित चंद्राकर के साथ आमंत्रण पत्रक देने बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। क्षेत्र के लोग भी आमंत्रण पत्रक लेने घरों से बाहर निकले और जय श्रीराम के नारे लगाए। इस अवसर पर पार्षद सुनंदा चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि दीपक (पप्पू ) चंद्राकर, अनिल मिश्रा, गिरजा शंकर पोड़े, सतीश दुबे, उमेश पाण्डेय एवं समस्त मैत्रीनगर वासी उपस्थित हुए। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। इसके लिए देशभर में रामभक्तों द्वारा आमंत्रण पत्रक बांटे जा रहे हैं। श्रीराम मंदिर निर्माण ट्रस्ट ने इस पत्रक के जरिए कहा है कि आगामी पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2080, सोमवार के शुभदिन, प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को, श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी। इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनन्द का वातावरण होगा। प्राण-प्रतिष्ठा के दिन अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस-पड़ोस के राम भक्तों को एकत्रित करके, भजन-कीर्तन करें, टेलीविजन अथवा कोई पर्दा (एलईडी स्क्रीन) लगाकर अयोध्या के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखाएं।

### वार्ड-52 में निकाली अक्षत कलश यात्रा



**भिलाई**। 22 जनवरी को श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आयोजित है। इसी परिपेक्ष में अयोध्या से प्राप्त पूजित अक्षत कलश का भव्य शोभा यात्रा बजरंग चौक बोरसी वार्ड-52 में निकाली गई। शोभायात्रा को छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू ने पूजा अर्चना कर प्रारंभ की। भव्य शोभायात्रा के साथ-साथ पूरे बोरसी में पूजीत अक्षत एवं निमंत्रण पत्रक श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समिति के सदस्यों के द्वारा बांटा गया। कार्यक्रम में संयोजक-संजय साहू (संजू), सहसंयोजक-प्रशांत साहू, पार्षद प्रेमलता साहू , पूर्व साहू समाज के तहसील अध्यक्ष रामखिलावन साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार साहू, पीतांबर,भूषण, कन्हैया, लिलेश्वरी साहू, भोली साहू, खिलेंद्र साहू, शुभम साहू, चंद्रकांत साहू, नरोत्तम साहू, गणेश पटेल, पंकज चतुर्वेदी, कंठी यादव आदि उपस्थित थे।

